बुधवार, 7 मई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 28 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:01 | सूर्यास्त: 18:06 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार : मैंने जो सबसे कठिन सबक सीखा वह है..... जाने देना।**




भारत का पानी अब देश के काम आएगा: प्रधानमंत्री मोदी -पृष्ठ 7

# आतंक के खिलाफ भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च

## पाकिस्तान में 9 लोकेशन पर एयर स्ट्राइक

**नयी दिल्ली :** भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। ये हमला बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है। पीआईबी ने जानकारी दी है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके।

### सैन्य सुविधाओं को नहीं किया गया टारगेट

पीआईबी ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है, न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना। वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है।




### जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया गया!

पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी।

### पहलगाम हमले का वायु सेना ने लिया बदला!

पहलगाम में आतंकियों ने बैसरन घाटी को निशाना बनाया था और इस दौरान 26 टूरिस्ट आतंकियों की गोलीबारी में मौत हो गई थी। इस हमले के बाद भारत ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

# भारतीय वायुसेना पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में दो दिवसीय युद्धाभ्यास करेगी, 'नोटम' जारी

**नयी दिल्ली :** भारतीय वायुसेना बुधवार से पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में दो दिवसीय वृहद सैन्य अभ्यास करेगी जिसमें राफेल, सुखोई-30 और जगुआर विमानों सहित सभी अग्रणी लड़ाकू विमान शामिल होंगे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत के नागर विमानन प्राधिकरण ने हवाई अभ्यास के लिए पहले ही 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) जारी कर दिया है। यह अभ्यास मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्से में होगा। सूत्रों ने बताया कि इस अभ्यास में भारत के अग्रणी लड़ाकू विमान राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस और एडब्लूएसीएस (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) विमान शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों पर सटीकता के साथ हमला करेगी।



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद दोनों देशों की सेनाएं 'हाई अलर्ट' पर हैं। पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद भारत ने हमले के "सीमा पार संबंधों" का हवाला देते हुए इसमें शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का वादा किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को आतंकवादी हमले पर भारत के जवाब के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की "पूरी छूट" है। वायु सेना प्रमुख ए पी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और उन्हें वायुसेना की अभियानगत तैयारियों के बारे में जानकारी दी। शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री को अरब सागर के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के सभी राज्यों में आज की जाएगी 'मॉक ड्रिल'

## बंगाल में 31 जगहों पर आज होगा मॉक ड्रिल, बजेगा युद्ध का सायरन

- कोलकाता, हावड़ा, हल्दिया, दुर्गापुर, आसनसोल, सिलीगुड़ी समेत विभिन्न शहरों में होगा मॉक ड्रिल
- मॉक ड्रिल की तैंयारियों को लेकर नवान्न में मुख्य सचिव ने की बैंठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को देश के सभी राज्यों में व्यापक मॉक ड्रिल (सुरक्षा अभ्यास) का आयोजन होगा। देशभर में मॉक ड्रिल के लिए चिह्नित किए गए 259 जगहों में बंगाल के 23 जिलों के 31 शहर शामिल हैं. जहां सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को युद्ध जैसी आपात स्थिति, विशेष रूप से हवाई हमले या अन्य हमलों से निपटने के लिए तैयार करना है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार बंगाल में राजधानी कोलकाता (ग्रेटर कोलकाता) के अलावा हावड़ा, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, मालदा, सिलीगुड़ी, दुर्गापुर, हल्दिया, हाशिमारा, खड़गपुर, बर्नपुर-आसनसोल, फरक्का-खेजुरियाहाट, चित्तरंजन, बालुरघाट, अलीपुरद्वार, रायगंज, इस्लामपुर, दिनहाटा, मेखलीगंज, माथाभांगा, कलिंपोंग, जलढाका, कर्सियांग, कोलाघाट, बर्दवान, बीरभूम, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली व मुर्शिदाबाद में मॉक ड्रिल होगा। मॉक ड्रिल के दौरान युद्ध का सायरन बजेगा। शाम 4 बजे से मॉक ड्रिल शुरू होने की बात है।

इधर, मंगलवार को मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, नागरिक सुरक्षा सचिव, नागरिक सुरक्षा महानिदेशक और अन्य ने राज्य सचिवालय नवान्न में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय गृह सचिव के साथ बैठक में शामिल हुए। उस बैठक में राज्य प्रशासन को बताया गया कि चूंकि, बंगाल बांग्लादेश के साथ-साथ नेपाल और भूटान की सीमा से सटा हुआ राज्य है, इसलिए यहां सीमा सुरक्षा को विशेष महत्व दिया गया है। राज्य को स्वयं संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया है। गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस अभ्यास में जिला मजिस्ट्रेट, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, नागरिक सुरक्षा कर्मी और होमगार्ड शामिल होंगे। इसके अलावा, एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन के सदस्यों और स्कूल व कॉलेज के छात्रों को भी अभ्यास में भाग लेने के लिए कहा गया है। जिन मुख्य विषयों पर अभ्यास करने को कहा गया है, उनमें हवाई हमले की चेतावनी, सायरन प्रणाली को सक्रिय करना, नागरिकों की सुरक्षा में आम लोगों, विशेषकर छात्रों की भूमिका, अचानक ब्लैकआउट की स्थिति में क्या करना है तथा आपातकालीन स्थितियों में तेजी से बचाव कार्य कैसे संचालित करना है, आदि शामिल हैं। यह भी कहा गया है कि बुधवार से शुरू होकर सात दिनों तक पूरे राज्य में मॉक ड्रिल का आयोजिन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में आम जनता को शामिल नहीं किया जाएगा, लेकिन सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों को इसमें भाग लेना होगा, ताकि आपातकालीन स्थितियों में आम जनता की सुरक्षा की जा सके।

### मॉक ड्रिल से पहले सभी सायरनों की हुई जांच, कोलकाता में हैं 95 सायरन

मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर सियालदह स्थित राज्य सरकार के सिविल डिफेंस कार्यालय में भी दोपहर में अहम बैठक हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में सायरनों की स्थिति आदि को लेकर समीक्षा की गई। कहां-कहां सायरन लगा है, उसकी स्थिति क्या है, ठीक है या खराब आदि की पड़ताल कर सूची तैयार की गई। अधिकारियों ने बताया कि बंगाल में बहुत सायरन 1971 युद्ध के समय लगाया गया था। ये सायरन अभी बजने की स्थिति में है या नहीं अथवा खराब है इसकी ग्राउंड पर जाकर जांच की गई। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि राज्य के पास 62 सैटेलाइट फोन हैं। कोलकाता में 95 सायरन हैं। विभिन्न जिलों में 25-30 करके सायरन हैं। और एक सायरन सभी जिला मुख्यालय में भी है। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी कि सायरन बजे तो बिल्कुल भी पैनिक न हों।

### बंगाल सरकार ने कसी कमर, मुख्यमंत्री करेंगी निगरानी

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग इस कार्य में 59,000 प्रशिक्षित सिविक वॉलंटियरों, 7,200 आपदा सहयोगियों और 1,500 स्थायी कर्मचारियों का उपयोग करने जा रहा है। राज्य की अभ्यास तैयारियों की निगरानी मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी। यह अभ्यास राज्य के कुल 17 जिलों को अत्यधिक संवेदनशील के रूप में चिन्हित करके किया जाएगा। हालांकि, अभी तक कोलकाता में किसी अभ्यास का आदेश नहीं दिया गया है, लेकिन कोलकाता पुलिस रात भर ऐसा अभ्यास करने के लिए कितनी तैयार है? कोलकाता में किस तरह की व्यवस्था है?

# बंगाल में हिंसा फैलाने के लिए बाहर से दंगाइयों को लाया जा रहा है : ममता

- कहा... 'हम बंगाल में दंगे नहीं, शांति चाहते हैं'
- मुख्यमंत्री का दावा, 'बंगाल में वक्फ एक्ट लागू करने का सवाल ही नहीं



**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हिंसा फैलाने के लिए बाहर से दंगाइयों को राज्य में लाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे भाजपा या धार्मिक कट्टरपंथियों की बातों में आकर आपस में फूट ना पड़ने दें। जिले के अपने दौरे के दूसरे दिन ममता हेलीकॉप्टर से शमशेरगंज पहुंचीं और उन्होंने स्थानीय प्रखंड विकास कार्यालय में पीड़ित परिवारों के साथ बैठक की। इस दौरान ममता ने कहा कि वह बंगाल में दंगे नहीं शांति चाहती हैं। साथ ही, कहा कि बंगाल में इस कानून को लागू करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। प्रदर्शनकारियों को चेतावनी देते हुए ममता ने कहा कि अगर वक्फ को लेकर विरोध करना ही है तो दिल्ली चले जाइए। वह बंगाल में ऐसा (हिंसा) नहीं होने देंगी। केंद्र पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि हम सभी ने वक्फ संशोधन कानून का पुरजोर विरोध किया, लेकिन केंद्र ने एक नहीं सुनी। तमाम विरोध के बावजूद उसने संसद से पारित कराकर कानून बना दिया। ममता ने हुंकार भरते हुए कहा कि केंद्र को कानून बनाने दीजिए। मैं किसी पर भी इसकी आंच नहीं आने दूंगी। जब तक मैं यहां हूं, न हिंदू, न मुसलमान, न बौद्ध, न ईसाई – मैं आपमें से किसी को भी तकलीफ नहीं होने दूंगी। अगर कोई लोगों का हक छीनेगा तो उनकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। ममता ने कहा कि यहां कोई समस्या नहीं है। प्रदर्शनकारी जिद में यहां समस्याएं खड़ी न करें। अगर ऐसा किया जाएगा तो वह उन लोगों की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाएंगी। ममता ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी धर्म की संपत्ति अधिग्रहण के पक्ष में नहीं है। ममता ने कहा कि अगर कोई जानबूझकर कुछ अशांति करता है, तो प्रशासन अपराधियों को कड़ी सजा देगा। आप दंगा करेंगे, मैं इसकी जिम्मेदारी क्यों लूं? राज्य सरकार इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# सरकार ने देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना अधिसूचित की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने देश भर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना को अधिसूचित किया है, जिसके तहत वे प्रति दुर्घटना, प्रति व्यक्ति अधिकतम डेढ़ लाख रुपये के हकदार होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह योजना पांच मई, 2025 से लागू हो गई है। अधिसूचना में कहा गया, "किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा।" राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ समन्वय करके कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होगी। अधिसूचना में कहा गया, "पीड़ित को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए किसी भी निर्धारित अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख 50 हजार रुपये तक की राशि के कैशलेस उपचार का अधिकार होगा।" अधिसूचना के अनुसार, इस योजना (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना, 2025) के अंतर्गत निर्दिष्ट अस्पताल के अलावा किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल पीड़ित की हालत स्थिर करने के उद्देश्य से होगा और दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा।

# आज आएगा उच्च माध्यमिक परीक्षा का परिणाम, रिव्यू और स्क्रूटिनी की तिथि घोषित

**कोलकाता :** उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीसीएचएसई) ने परीक्षा परिणाम जारी होने से एक दिन पहले ही रिव्यू (पुनर्मूल्यांकन) और स्क्रूटिनी (पुनरावलोकन) की तारीखें और प्रक्रिया घोषित कर दी है। परीक्षा परिणाम बुधवार को प्रकाशित होने जा रहा है, जिसे लेकर छात्र-छात्राओं में उत्सुकता और तनाव चरम पर है।

### क्या कहा गया है परिषद की अधिसूचना में?

✻ तत्काल रिव्यू व स्क्रूटिनी के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 मई की रात 12:00 बजे से 11 मई रात 11:59 बजे तक किया जा सकता है।

✻ तत्काल स्क्रूटिनी शुल्क: 600 प्रति विषय

✻ तत्काल रिव्यू शुल्क: 800 प्रति विषय

✻ सामान्य रिव्यू व स्क्रूटिनी के लिए आवेदन 8 मई की रात 12:00 बजे से 22 मई रात 11:59 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

✻ सामान्य स्क्रूटिनी शुल्क: 150 प्रति विषय

✻ सामान्य रिव्यू शुल्क: 200 प्रति विषय

### महत्वपूर्ण नियम

✻ रिव्यू केवल अधिकतम 2 विषयों पर ही किया जा सकता है।

✻ आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

✻ रिव्यू या स्क्रूटिनी के लिए आवेदन करने वाले छात्र आरटीआई (सूचना का अधिकार कानून) के तहत जानकारी नहीं मांग सकते।

✻ छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे समयसीमा के भीतर सही माध्यम से आवेदन करें और सभी निर्देशों का पालन करें।

# भारत, ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न, पीएम मोदी ने की घोषणा

## भारत, ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता के मुख्य बिंदु – (पृष्ठ 8)

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' और 'दोगुना योगदान संधि' (डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन) को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद मंगलवार को इसकी घोषणा की।

### पीएम मोदी ने क्या कहा

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में भारत और ब्रिटेन ने दोगुने योगदान समझौते के साथ-साथ एक महत्वकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। ये ऐतिहासिक समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे और हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार एव नवोन्मेषण को बढ़ावा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह जल्द ही भारत में स्टार्मर का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों नेताओं ने इसे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, नवोन्मेषण और रोजगार सृजन को बढ़ा देगा। मोदी और स्टार्मर इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की दो बड़ी और खुली बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बीच ऐतिहासिक समझौते से कंपनियों के लिए नए अवसर खुलेंगे, आर्थिक संबंध मजबूत होंगे और लोगों के आपसी संबंध गहरे होंगे।

### क्या है एफटीए का मतलब?

एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिसमें दो देश एक-दूसरे के साथ वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार आसान और सस्ता बनाते हैं। इसमें कर (आयात शुल्क) कम किए जाते हैं या हटाए जाते हैं, जिससे दोनों देशों के कारोबारियों को फायदा होता है।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION — Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars**

**Exchange old Gemstones & Diamond for Gold!**

## जेनेरिक दवाएं रोकेंगी अनैतिक मुनाफाखोरी

कई बार समाचार सुनने-पढ़ने को मिलते हैं कि परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों के महंगे इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों को टीस दे जाती हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है। दरअसल, बीते शुक्रवार को दवा कंपनियों की मुनाफाखोरी के कारोबार से बढ़ती दवाओं की कीमतों के बाबत एक मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि डॉक्टर केवल जेनेरिक दवाइयां ही लिखना प्रारंभ कर दें, तो दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है। निस्संदेह, तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर दवा कंपनियां चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने की क्षमता नहीं रखते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। चिकित्सा बिरादरी की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती।

निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। ऐसे आक्षेपों से चिकित्सा बिरादरी भी दोषमुक्त नहीं हो सकती, जो दवा कंपनियों के लोभसंवरण से मुक्त नहीं हो पाती। सरकारों को देखना चाहिए कि दवा कंपनियों द्वारा पोषित कदाचार पर नियंत्रण के प्रयास जमीनी हकीकत क्यों नहीं बन पाते। यदि ये कदम सख्ती से उठाए जाएं तो गरीब मरीज गंभीर रोगों का उपचार करने में सक्षम हो पाएंगे। फिर उनके अपनों का इलाज उनकी क्षमता के अनुरूप हो सकेगा। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। मरीजों के तिमारदार उन तक आसानी से पहुंच सकें। इस काम में स्वयं सेवा समूहों की मदद ली जा सकती है ताकि गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सके। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से चिकित्सा बिरादरी का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी पुण्य के काम जैसा होगा। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार असरकारी व समान गुणवत्ता की जेनेरिक दवाओं की बिक्री व सहज उपलब्धता के लिये युद्धस्तर पर प्रयास करे। साथ ही सूचना माध्यमों व स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से जागरूकता अभियान भी चलाए।

# पाकिस्तान की संसद से सांसदों का पलायन



संदीप सृजन

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक राजनीति को प्रभावित किया है, बल्कि पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को भी हिलाकर रख दिया है। भारत के साथ संभावित सैन्य टकराव की आशंका ने पाकिस्तान की संसद में एक अभूतपूर्व स्थिति पैदा कर दी है, जहां सांसदों के बीच डर का माहौल व्याप्त है। कुछ सांसदों ने तो खुले तौर पर यह स्वीकार किया है कि यदि युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है, तो वे देश छोड़कर भागने को तैयार हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों को जिम्मेदार ठहराया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। भारत के इस कड़े रुख और सैन्य तैयारियों ने पाकिस्तान में खलबली मचा दी है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने 5 मई 2025 को संसद का एक आपातकालीन सत्र बुलाया, ताकि भारत के साथ बढ़ते तनाव पर चर्चा की जा सके। लेकिन इस सत्र में जो हुआ, वह पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिरता और नेतृत्व की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। खबरों के मुताबिक, कई सांसद इस सत्र में शामिल ही नहीं हुए, और कुछ ने तो खुले तौर पर भारत के साथ युद्ध की स्थिति में देश छोड़ने की बात कही। इस स्थिति ने न केवल पाकिस्तान की जनता बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी हैरान कर दिया है।पाकिस्तान में बुलाए गए संसद के विशेष सत्र में सांसदों की अनुपस्थिति ने पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति की नाजुकता को उजागर किया। समाचार स्रोतों के अनुसार, इस सत्र में कई सांसदों ने भाग नहीं लिया, और संसद में कुर्सियाँ खाली रहीं। यहाँ तक कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी इस सत्र में उपस्थित नहीं थे, जिसने स्थिति की गंभीरता को और बढ़ा दिया।



इस सत्र की चर्चा तब और तेज हुई जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद शेर अफजल खान मारवात ने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा, अगर युद्ध छिड़ गया तो मैं इंग्लैंड भाग जाऊँगा। मोदी क्या मेरा खाला का बेटा है जो मेरे कहने से पीछे हट जाएगा? उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और पाकिस्तान की जनता व अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इसकी तीखी आलोचना हुई। कई लोगों ने सवाल उठाया कि यदि देश के नेता ही संकट के समय भागने की बात करते हैं, तो आम जनता का क्या होगा?

### भारत का खौफ:

भारत ने हाल के वर्षों में अपनी सैन्य क्षमताओं को काफी मजबूत किया है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने से नहीं हिचकता। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनी ने पाकिस्तान में खलबली मचा दी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन हासिल करने में कठिनाई हो रही है। कई इस्लामिक देशों ने भी भारत के खिलाफ खुलकर समर्थन देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से आपात बैठक बुलाने की गुहार लगाई, लेकिन इसे पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। यह अलगाव पाकिस्तान के नेताओं में असुरक्षा की भावना को बढ़ा रहा है।

पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति पहले से ही अस्थिर है। इमरान खान की पीटीआई और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के बीच तनाव, सेना की राजनीति में दखलंदाजी, और आर्थिक संकट ने देश को कमजोर कर रखा है। ऐसे में, सांसदों का मनोबल टूटना स्वाभाविक है। शेर अफजल जैसे सांसदों के बयानों ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न कीं। नेटिज़न्स ने टिप्पणी की कि यदि पाकिस्तान के नेता अपनी सेना पर भरोसा नहीं करते, तो यह देश की कमजोरी को दर्शाता है।

पाकिस्तान के सांसदों के इस व्यवहार का पाकिस्तान की जनता पर गहरा प्रभाव पड़ा है। आम लोग पहले से ही आर्थिक संकट, मुद्रास्फीति, और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में, नेताओं का यह रवैया जनता के बीच निराशा और अविश्वास को बढ़ा रहा है। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि देश के चुने हुए प्रतिनिधि ही संकट में भागने की बात करते हैं, तो वे देश की रक्षा कैसे करेंगे?

यह घटना पाकिस्तान की कई आंतरिक कमजोरियों को उजागर करती है। पाकिस्तानी सांसदों का यह रवैया दर्शाता है कि पाकिस्तान में नेतृत्व संकट है। जब देश के चुने हुए प्रतिनिधि ही भागने की बात करते हैं, तो यह जनता के बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है।

पाकिस्तान की राजनीति में सेना का दबदबा रहा है। लेकिन इस संकट में सेना भी दबाव में नजर आ रही है। कुछ खबरों के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी हमले के बाद कुछ समय तक सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। युद्ध की आशंका ने शेयर बाजार को प्रभावित किया और निवेशकों में अफरातफरी मच गई। दूसरी ओर, यह स्थिति भारत की वैश्विक ताकत को और मजबूत कर रही है। भारत ने न केवल सैन्य स्तर पर बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता हासिल की है।

इस घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भी खींचा है। भारत ने इस स्थिति को अपनी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के नेता स्वीकार कर रहे हैं कि वे भारत की सैन्य शक्ति का मुकाबला नहीं कर सकते। दूसरी ओर, कुछ पश्चिमी विश्लेषकों ने इस स्थिति को दक्षिण एशिया में अस्थिरता का संकेत माना है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संगठनों ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की है। लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति पर अडिग रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तम्भकार हैं)

# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी



ललित गर्ग

भारत का राष्ट्र-गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांङ्ला' के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा, युगस्रष्टा एवं युग-निर्माता माना जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुईं थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रूवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं।

गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था।

टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु, अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक

**रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती - 7 मई, 2025**



विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी।

टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वदृष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है। शुद्ध तर्क और शुद्ध भौतिकवाद उतने ही विनाशकारी हैं, जितने कि विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत मोक्ष की खोज। टैगोर ने विज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की खोज करते हुए शब्दों और कर्मों में शाश्वत ज्ञान और कालातीत मूल्यों को व्यक्त किया। टैगोर का विश्वदृष्टि तर्क और धर्म, आत्मा और पदार्थ की एकता को देखना और उन्हें एक साथ नृत्य करने देना है। यह एक बड़ी दृष्टि है जहाँ विज्ञान आध्यात्मिकता का पूरक है, कला पारिस्थितिकी का पूरक है और स्वतंत्रता समानता का पूरक है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हमें नस्ल, रंग, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा और राष्ट्र की अपनी क्षुद्र पहचान से ऊपर उठने और अपनी सामान्य मानवता के साथ पहचान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मानवता की एकता और स्वतंत्रता, न्याय और शांति के सर्वोपरि महत्व की घोषणा करते हुए अमेरिका से रूस, चीन से अर्जेंटीना तक समूचे विश्व की अथक यात्रा की। उन्होंने अपने लाखों देशवासियों को अपने संकीर्ण स्वार्थ को त्यागने और राष्ट्रीयता, समानता, एकजुटता और नैतिकता को अपनाने के लिए अपने जातिगत पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्म-भोग को त्याग दिया और सामाजिक विभाजन को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के बीच की खाई को भरने की कोशिश की। रबीन्द्रनाथ टैगोर प्रेरणाएं इतनी विविधमुखी थी कि उनसे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। चाहे वह आपसी संबंध हो, सामाजिक संबंध हो, आर्थिक संबंध हो या राजनीतिक संबंध हो- हर तरह के जीवन को उन्होंने प्रेरक बनाने का उपक्रम किया। वे कभी घटना से, कभी शब्दों से, कभी क्रिया से, कभी पत्रों से, तो कभी किसी उदाहरण या संस्मरण से व्यक्ति की चेतना को झकझोर कर आदर्श और ज्ञान के प्रति अनुराग और जोश जगाते थे। वे इस कला में निष्णात थे कि कब किसको किन शब्दों में उचित प्रेरणा दी जाए।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के पुरुषार्थी जीवन की एक पहचान थी गत्यात्मकता। वे अपने जीवन में कभी कहीं रुके नहीं, झुके नहीं। प्रतिकूलताओं के बीच भी अपने अपने लक्ष्य का चिराग सुरक्षित रखा। इसलिए उनकी हर सांस अपने दायित्वों और कर्तव्यों पर चौकसी रखती थी। खून पसीना बनकर बहता था। रातें जागती थी। दिन संवरते थे। प्रयत्न पुरुषार्थ बनते थे और संकल्प साधना में ढलते थे। यही कारण है कि आज उनके प्रयत्नों से न केवल भारतीय समाज बल्कि विश्व मानवता का जीवन प्रेरक बना है, सार्थक बना है और वे सभी उस महामानव को तहेदिल से याद करते हैं।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### हवाई हमलों से यमन का मुख्य हवाई अड्डे तबाह: इजराइल सेना

**यरूशलम :** इजराइली सेना ने मंगलवार को बताया कि बल द्वारा यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमलों में राजधानी सना में देश का मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह से तबाह हो गया। सेना ने यह भी बताया कि हवाई हमलों से क्षेत्र में कई बिजली संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। इजराइली टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में सना के प्रभावित क्षेत्रों में धुएं का घना काला गुबार उठता हुआ देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित वीडियो में सना के आसपास हमले होते हुए और इनमें विस्फोट की आवाज के साथ काला धुआं उठता हुआ देखा जा सकता है। इजराइल ने यमन में विद्रोहियों को निशाना बनाकर दो दिनों में दूसरी बार हवाई हमले किये। रविवार को इजराइल के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले के जवाब में यह हमला किया गया था।

### शहबाज शरीफ आईएसआई मुख्यालय पहुंचे, क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रमों पर जानकारी ली

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के मुख्यालय पहुंचे जहां उन्हें क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रम और भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पारंपरिक सैन्य विकल्पों और हाइब्रिड युद्ध रणनीति सहित उभरते खतरे के परिमाण से अवगत कराया गया। सरकारी रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री/ विदेश मंत्री इशहाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना प्रमुख भी मौजूद थे। रिपोर्ट में आधिकारिक बयान का हवाला देते हुए कहा गया है, 'इस दौरे में मौजूदा सुरक्षा हालात पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें पाकिस्तान की पूर्वी सीमा पर भारत के बढ़ते आक्रामक और उत्तेजक रुख के मद्देनजर पारंपरिक खतरे के खिलाफ तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 मई, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, वैशाख शुक्लपक्ष दशमी, 10:22 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 18:15 तक, योग : व्याघात, 25:01 तक, सूर्योदयः 5:01, सूर्यास्तः 18:06, चन्द्रोदय : 13:45, चन्द्रास्तः 01:47, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 11:33 से 13:10

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं, जिसमें आप अच्छा खासा धन खर्च करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए धन की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपकी आमदनी बढ़ने से आप काफी खुश रहेंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी जमीन-जायदाद से जुड़े मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला निपटेगा, जो आपके लिए सिरदर्द बना हुआ था।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई निर्णय सोच समझकर लेने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को कोई स्कॉलरशिप मिल सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में नए अवसरों के संकेत मिल रहे हैं। आपको धन से जुड़े मामलों में लाभ होगा। उच्च पदस्थ लोगों का साथ मिलेगा जिससे योजनाएं साकार होंगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी अच्छी सोच से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घरेलू मामले यदि आपके लंबे समय से लटके पड़े थे, तो वह भी पूरे हो सकते हैं। बुजुर्गों की सलाह आपके खूब काम आएगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। भाई- बहनों को आपका पूरा साथ मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी और आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और परिवार में चल रहा वाद-विवाद भी काफी हद तक दूर होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने अधिकारियों का पूरा साथ मिलेगा और वह आपको कोई प्रमोशन भी दे सकते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3084



*बायें से दायें:-* 1) फेंककर चलाया जानेवाला हथियार, 2) बलिष्ठ, 4) विशेष, 6) मौलवी, 7) दला हुआ अनाज, 8) रोपना *(पौधा)*, 9) पागल, 11) आलेपित, 12) भूखापन, 14) रात, 16) अफ़वाह, 18) मृत्यु, 19) फुलवारी, 21) टाँगना, 22) सजधज, 23) बहती धारा, 24) बयार, 26) व्यर्थ, 28) दूध जमाने हेतु छोड़ी गई खट्टी दही, 29) स्वस्थ.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आसपास, 2) गेंद मारने का चपटा डंडा; *बैट*, 3) पर्यावरण, 4) शुद्ध, 5) होशियारी, 6) लाभ, 10) शर्म, 13) मन्नत, 15) नदी, 17) हराना; गिराना, 20) अंगलेप; *औइंटमैंट*, 22) जानवरों का राजा, 23) जाहिर, 25) बंदर, 26) दुःख, आश्चर्य, आकुलता आदि प्रकट करनेवाला उद्गार, 27) टेढ़ा; तिरछा, 28) प्राण.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ■ | आ | धा | ■ | नि | प | टा | रा | ■ |
| र | ■ | न | र | पि | शा | च | ■ | धा | क |
| क | फ़ | न | ■ | छ | ■ | प | द | ■ | च |
| त | ■ | फ़ा | ज़ि | ल | ■ | न | ह | ला | ना |
| ■ | ती | न | ■ | गा | ल | ■ | श | ■ | र |
| म | स | न | द | ■ | ब | द | त | र | ■ |
| सा | रा | ■ | ला | ■ | रा | स्त | ■ | था | न |
| ■ | ■ | टा | ल | ना | ■ | क | क्षा | ■ | ट |
| वि | शा | ल | ■ | ज़ | च्चा | ■ | र | खा | ना |

## सुडोकू-पहेली-3041

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| | 1 | | | 4 | | 3 | | 2 |
| | | 9 | | 3 | | | 5 | |
| | | | 4 | | 5 | | | 1 |
| | 7 | 3 | | 2 | | 4 | | |
| | | 5 | | | | | | 6 |
| 2 | | | 9 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3040 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 |

# उधमपुर में मुठभेड़ में बलिदान हुए सैनिक झंटू शेख की पत्नी को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**❑ परिवार को 10 लाख रुपये का चेक भी सौंपा**

**❑ मुख्यमंत्री बोलीं... 'राज्य सरकार ने शेख के बच्चों की शिक्षा की भी जिम्मेदारी ली है'**



**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल में जम्मू कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए नदिया जिला निवासी सेना के पैरा कमांडो हवलदार झंटू अली शेख की पत्नी शहनाज शेख को मंगलवार को पुलिस होमगार्ड में नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही, आर्थिक सहायता के रूप में राज्य सरकार की तरफ से उन्हें 10 लाख रुपये का चेक भी सौंपा। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने उनके परिवार को भविष्य में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ममता ने कहा कि राज्य सरकार ने शेख के बच्चों की शिक्षा की भी जिम्मेदारी ली है। ममता ने हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के दौरे में सुती में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र व चेक सौंपा। ममता ने कहा कि तेहट्ट के झंटू अली शेख ने देश के लिए अपनी जान दे दी है। हमें उन पर गर्व है, हम उन्हें सलाम करते हैं। आज उनकी पत्नी शहनाज शेख को कृष्णानगर पुलिस जिले में होमगार्ड की नौकरी दी गई है। हमने बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हमेशा उनके परिवार के सदस्य के रूप में उनके साथ रहेंगी।

**❑ ममता ने दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा किया, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात**

वक्फ संशोधन कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हुई अशांति के दौरान पीड़ित परिवारों से मिलने का वादा निभाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को शमशेरगंज पहुंचीं। यहां उन्होंने हिंसा से प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से उन्हें सहायता पहुंचाने पर चर्चा की। इस दिन, सुबह में मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से बहरमपुर पहुंचीं और वहां से शमशेरगंज बीडीओ कार्यालय तक पैदल मार्च किया। रास्ते में लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ब्लॉक कार्यालय में मुख्यमंत्री ने हिंसा में प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की। इस दौरान, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और मुख्य सचिव मनोज पंत भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने हर परिवार की समस्या को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कि उन्हें हरसंभव सहायता दी जाएगी। साथ ही, हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया। मुख्यमंत्री के मुर्शिदाबाद दौरे को देखते हुए यहां भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

**❑ नदी के कटाव ने मुर्शिदाबाद में 1,600 हेक्टेयर भूमि लील ली : ममता**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि नदी के कटाव ने मुर्शिदाबाद जिले में 1,600 हेक्टेयर भूमि लील ली है और केंद्र सरकार से बार-बार मदद की गुहार लगाने के बावजूद कोई कदम नहीं उठा रही है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नदी के कटाव को रोकने के लिए 800 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि नदी के कटाव ने धुलियान, समसेरगंज, लालगोला और भागबांगोला में 1,600 हेक्टेयर से अधिक भूमि लील ली है। हमने केंद्र को 1,300 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है, लेकिन वे इसे दबाए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमने नदी के कटाव को रोकने के लिए 800 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और 175 करोड़ रुपये और खर्च करेंगे।

**❑ कानून-व्यवस्था पर विशेष नजर, मुर्शिदाबाद में नया महकमा बनाने की घोषणा**

ममता ने यह भी घोषणा की कि सुति, धुलियान और फरक्का में प्रशासन को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार एक नया उप-मंडल कार्यालय स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एक महीने में काम पूरा हो जाएगा। कार्यालय एक केंद्रीकृत स्थान पर स्थापित किया जाएगा।

# पहलगाम आतंकी हमले में मृत बंगाल के समीर और बितान के स्वजनों को राज्य ने दी आर्थिक मदद

**✒ मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, दो मंत्रियों ने मृतकों के घर जाकर परिवार को सौंपा चेक**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के दो मंत्री फिरहाद हकीम और अरूप विश्वास पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए बेहाला निवासी समीर गुहा और वैष्णवघाटा लेन निलासी बितान अधिकारी के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने उनके परिवारों को वित्तीय सहायता सौंपी। बता दें कि 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नवान्न में घोषणा की थी कि आतंकी हमले में मारे गए बंगाल के तीन लोगों के परिवारों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। सरकार न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, बल्कि चूंकि पहलगाम में मारे गए बितान अधिकारी के माता-पिता की आर्थिक स्थिति खराब है, इसलिए सरकार बितान के पिता प्रति माह 10,000 रुपये पेंशन भी देगी। जैसा कि घोषणा की गई थी, दोनों मंत्री मंगलवार को बितान और समीर के घर गए। उन्होंने बेहाला के समीर गुहा की पत्नी से मुलाकात की और उन्हें राज्य की ओर से वित्तीय सहायता सौंपी। उन्होंने बितान के माता-पिता से भी मुलाकात की। उनकी पेंशन की भी व्यवस्था कर दी गई है। इस दिन, बितान के माता-पिता मंत्री से मिलने पर रो पड़े। इसके अलावा, प्रशासन बितान की मां के नाम पर 'स्वास्थ्य साथी' कार्ड जारी कर रहा है।

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ अब ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया मामला



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के कुछ सांसदों के बाद अब खुद बंगाल सरकार ने भी केंद्र के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया है। इससे पहले, विभिन्न राजनीतिक दलों ने वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में मामला दायर किया था। इसमें बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा भी शामिल हैं, जिन्होंने पहले ही मामला किया है। तृणमूल संसदीय दल की ओर से राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन और लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने भी मामला दायर किया है। वहीं, यह पहली बार है जब किसी राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मामला दायर किया है। बताते चलें की ममता सरकार वक्फ संशोधन कानून का शुरू से ही पुरजोर विरोध कर रही है। इधर, तृणमूल सांसद और वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरी जानकारी में किसी अन्य राज्य सरकार ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर नहीं किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार ने इस महीने की शुरुआत में यह मामला दायर किया, क्योंकि वक्फ संशोधन कानून राज्य की शक्ति में हस्तक्षेप कर रहा है। संविधान के अनुसार, भूमि और संपत्ति के संबंध में कानून बनाने की शक्ति राज्य सरकार के पास है। केंद्र ने उसमें हस्तक्षेप किया है।

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.: सीओएम/सीएटीजी/एमएफवी/एचडब्ल्यूएच/2025, दिनांक: 02.05.2025.** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 4वीं मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा स्टेशन पर मोबाइल फूड वैन के 05 वर्षों के लिए आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए ई-नीलामी पट्टा मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जाएं। नीलामी का विवरण:- **नीलामी सूची क्रम.: एमएफवी-एचडब्ल्यूएच-2025-1; अनुक्रम सं.; लॉट सं./श्रेणी; विवरण और समापन तिथि/समय** क्रमानुसार:- **एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-17-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (स्थान-हावड़ा स्टेशन, पीएफ 15 के पास मेट्रो सबवे के पीछे); 19.05.2025 को 12:30 बजे; **एए/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-18-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (स्थान-हावड़ा स्टेशन, स्नैप-ई पार्किंग के पास); 19.05.2025 को 12:40 बजे; **एए/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-19-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य); मोबाइल का निर्माण, संचालन और रखरखाव। 05 वर्षों के लिए फूड वैन (स्थान-हावड़ा स्टेशन, राष्ट्रीय ध्वज वाले पार्क के पास); 19.05.2025 को 12:50 बजे; **दर इकाई:** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क; **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 0.2; ईएमडी: सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 10%; **आवश्यक टर्नओवर:** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए 0.

(HWH-68/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राज्यभर के होटलों में होगा 'फायर ऑडिट', नवान्न ने दी सख्त निर्देश

**कोलकाता :** बड़ाबाजार इलाके के एक होटल में हाल ही में हुई आग की घटना के बाद, पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य भर के होटलों में फायर ऑडिट कराने का फैसला लिया है। इसका मकसद है – आग लगने की घटनाओं में प्राणहानि को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना।

फायर ब्रिगेड सूत्रों के मुताबिक, अब सिर्फ होटल ही नहीं, राज्य के विभिन्न स्कूलों में भी अग्निसुरक्षा व्यवस्था की जांच की जाएगी। प्रत्येक होटल में यह देखा जाएगा कि:

❑ पर्याप्त अग्निशमन उपकरण हैं या नहीं,
❑ फायर लाइसेंस मौजूद है या नहीं,
❑ और आपातकाल में लोगों के बाहर निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग उपलब्ध हैं या नहीं।

इस संबंध में शुक्रवार को फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज मंत्री सुजीत बोस ने न्यूटाउन ऑफिस में विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। वहां फायर ऑडिट को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और मंत्री ने स्पष्ट कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य है कि आग की घटनाओं में किसी भी तरह की जानहानि न हो।

फिलहाल किन-किन होटलों में फायर ऑडिट किया जाएगा, उसकी सूची तैयार की जा रही है और ऑडिट के लिए विशेष टीम गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

सरकार की इस सख्ती से साफ, अब राज्य में फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मुर्शिदाबाद हिंसा : सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका मुख्य न्यायाधीश को हस्तांतरित

**❑ एकल पीठ ने पिता-पुत्र की हिंसा के दौरान हुई हत्या की यचिका पर नहीं की सुनवाई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के दौरान धुलियान स्थित जाफराबाद में हुए दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद हिंसा से संबंधित मामले की सुनवाई पहले से ही खंडपीठ में चल रही है। इसलिए वह इस मामले की दोबारा सुनवाई नहीं करेंगे। उन्होंने मृतकों के स्वजनों की याचिका से संबंधित मामला हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम को भेज दिया। मंगलवार की सुनवाई के दौरान वकीलों की बहस और विरोध से न्यायमूर्ति घोष के कोर्ट में हो हल्ला होने लगा। इस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने वकीलों को इस तरह के व्यवहार से बचने की चेतावनी दी। नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायाधीश ने वकीलों से कहा कि आप उसी राजनीतिक दल के राजनीतिक नेताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं जिसके लिए आप मामला दायर कर रहे हैं। इसके बाद न्यायमूर्ति घोष ने सीबीआई जांच की मांग वाला मामला नहीं सुनने की घोषणा कर दी और कहा कि मुख्य न्यायाधीश को मामला हस्तांतरित कर रहे हैं। अब उनके द्वारा नियुक्त पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। बता दें कि मुर्शिदाबाद दोहरे हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सोमवार को हाई कोर्ट में एक मामला दायर किया गया। मृतक हरगोबिंद दास और चंदन दास के स्वजनों ने मामला दायर कराया है। उन्होंने अदालत में अपील करते हुए कहा कि उन्हें दोहरे हत्याकांड की जांच में राज्य पुलिस पर कोई भरोसा नहीं है। पीड़ित परिवारों ने दोहरे हत्याकांड की सीबीआई से जांच की मांग की। साथ ही उन्हें केंद्रीय बलों से सुरक्षा मुहैया कराने का अनुरोध किया गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_एलएलएच_26_2024-25_आर1 दिनांक: 02.05.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/विद्युत सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्वी रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदाकर्ताओं से ऑनलाइन ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम:** एलएलएचडब्ल्यू- लिलुआ रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों, सेवा भवनों, शेड और सब-स्टेशन के लिए आवश्यक संबद्ध कार्य के साथ अर्थिंग का प्रावधान; **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 11,74,161.56; **बयाना राशि:** रु. 23,500.00; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 26.05.2025 को 14:00 बजे; **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

(MISC-48/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03039/03040 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल** ट्रेन नीचे उल्लिखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:

| 03039 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल | | | स्टेशन | 03040 न्यू जलाईगुड़ी-हावड़ा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शनिवार | - | 00.10 | ↓ हावड़ा | 00.10 | - | रविवार |
| | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | शनिवार |
| | 02.33 | 02.35 | कटवा | 21.03 | 21.05 | |
| | 03.30 | 03.35 | आजिमगंज जं. | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.25 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.15 | |
| | 10.45 | - | न्यू जलपाईगुड़ी ↑ | - | 12.45 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में नवद्वीप धाम, जंगीपुर रोड, बारसोई, किशनगंज एवं अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथि/दिन: हावड़ा से - 03039:** दिनांक 10.05.2025 (शनिवार) = 01 ट्रिप एवं **न्यू जलपाईगुड़ी से - 03040** : दिनांक 10.05.2025 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-01, वातानुकूलित 3-टीयर-02, शयनयान श्रेणी-12, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी-02 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 15 महीने तक विद्यासागर सेतु पर मरम्मत कार्य, बंद रहेगा यातायात!

**❑ नवान्न में आपात बैठक की तैयारी**

**कोलकाता :** शहरवासियों के लिए आने वाले दिनों में बड़ी परेशानी का संकेत मिल रहा है। विद्यासागर सेतु (द्वितीय हुगली ब्रिज) पर 15 महीने तक चलने वाले रखरखाव कार्य के कारण यह सेतु अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जा सकता है। इस निर्णय से कोलकाता और हावड़ा के बीच दैनिक यात्रा करने वाले लाखों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

विद्यासागर सेतु, जो राज्य सचिवालय नवान्न की ओर जाने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, उसकी सुरक्षा और संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए 20 कमजोर स्टे केबल को तुरंत बदले जाने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्टे केबल वे महत्वपूर्ण तार होते हैं जो पुल को ऊपर से खींचकर उसकी मजबूती बनाए रखते हैं। यह काम बेहद जोखिम भरा और तकनीकी रूप से संवेदनशील है, जिसके लिए सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

सूत्रों के अनुसार, नवान्न जल्द ही इस मसले को लेकर जिम्मेदार एजेंसियों और अधिकारियों के साथ आपात बैठक करेगी, ताकि कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग तैयार किए जा सकें और आम जनता की असुविधा कम की जा सके।

**■ मरम्मत के दौरान:**

❑ पुल की दोनों लेन को बंद करना पड़ सकता है।
❑ स्टे केबल बदलने के बाद 823 मीटर लंबे पुल के बेयरिंग भी बदले जाएंगे।
❑ उस दौरान प्रत्येक दिन 12 घंटे तक यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

हर दिन हजारों लोग इस पुल से होकर अपने कार्यस्थल या गंतव्य पर पहुंचते हैं। ऐसे में यातायात ठप होने से शहर में भयंकर जाम और अव्यवस्था की आशंका है। प्रशासन अब इस कोशिश में है कि कैसे आम जनता को कम से कम परेशान कर के यह काम पूरा किया जा सके।

## जगन्नाथ महाप्रभु का अपमान सनातनी नहीं करेंगे बर्दाश्त : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पुरी की तर्ज पर दीघा में नवनिर्मित मंदिर का नाम 'जगन्नाथ धाम' रखने को लेकर विवाद पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए इसे जगन्नाथ महाप्रभु का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि दीघा मंदिर वास्तव में एक सांस्कृतिक केंद्र है। शुभेंदु ने कहा कि दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक केंद्र है, गलत जानकारी न फैलाएं। भाजपा नेता ने कहा कि दीघा मंदिर सरकारी पैसे से बनाया गया है, 250 करोड़ रुपये से। उन्होंने इसका टेंडर व वर्क आर्डर का हवाला देते हुए कहा कि उसमें यह स्पष्ट है कि यह मंदिर नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक केंद्र है। शुभेंदु ने जोर देकर कहा कि यह महाप्रभु का अपमान है, मैं भी महाप्रभु का भक्त हूं और उनका अपमान सनातनी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**सं. ईएल/50/एनआईटी/42(2025-26)**

**दिनांक: 01.05.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विघुत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/255/2025-26, **कार्य का नाम:** कोटा मंडल की विद्युत आपूर्ति केबलों सहित पिट लाइन के बुनियादी ढांचे में सुधार और वृद्धि।, **अनुमानित लागत(रू.में):** 1,46,65,914.60, **बयाना राशि(रू.में):** 2,23,300/-, **कार्य समाप्ति अवधि:** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 26.05.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

**कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**बोली सं. : जीईएम /2025/बी/ 6174450; दिनांक: 05.05.2025.** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्वी रेलवे, बज बज, 88/1, अधर दास रोड, पीओ+पीएस- बज बज, कोलकाता- 700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं: **आइटम श्रेणी:** माल परिवहन सेवा - प्रति मीट्रिक टन प्रति किलोमीटर आधारित सेवा - बोगी निर्माण फैक्ट्री बज बज से एमसीएफ रायबरेली तक रेलवे सामग्री का परिवहन, 400 एलएचबी बोगी फ्रेम के 25 ट्रिप का परिवहन; **अनुमानित बोली मूल्य:** रु. 31,05,890.00; **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि:** रु. 62,120.00; **मध्यस्थता खंड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 120 (दिन); **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 20.05.2025, 14.00 बजे; **बोली खोलने की तिथि/समय:** 20.05.2025 14.30 बजे। **कार्यालय का नाम:** कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप लिलुआ; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 16 लाख रुपए; **समान/समान सेवा के लिए आवश्यक पिछले अनुभव के वर्ष:** 1 वर्ष; **समान सेवाओं के लिए आवश्यक पिछले अनुभव:** हां; **अनुभव और कारोबार के वर्षों के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव और कारोबार के वर्षों के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधित) *यदि कोई बोलीदाता अनुभव/टर्नओवर मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता साबित करने के लिए सहायक दस्तावेजों को खरीदार द्वारा मूल्यांकन के लिए अपलोड किया जाना चाहिए; अनुभव मानदंड, बोलीदाता टर्नओवर, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित); **क्या आप बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ दिखाना चाहते हैं? :** नहीं; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** एकल पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीने):** 26.

(MISC-47/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## फैक्ट्री की दीवार गिरने से मचा हड़कंप, घर की छत ढही, चार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टाला इलाके में सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक फैक्ट्री की दीवार गिरने से घर की छत ढही और चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, टाला इलाके के शिरिषचंद्र चौधरी लेन स्थित घर से सटी एक फैक्ट्री की करीब 10 फीट ऊंची दीवार अचानक ढह गई और सीधे घर पर आ गिरी। दीवार के जोरदार टकराव से घर की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। इस घटना में परिवार के सदस्यों की जान बच गई। वहीं, घायल हुए लोगों को तुरंत आर.जी.कर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री की दीवार काफी समय से झुकी हुई थी और इसके गिरने का खतरा बना हुआ था। बावजूद इसके, फैक्ट्री मालिक ने कोई ध्यान नहीं दिया।

# दवा कंपनी में दवा आपूर्ति के नाम पर 16 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**❑ पुलिस आरोपी के पास से 16 लाख नकद, 40 लाख के गहने व लग्जरी कार की बरामद**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दवा कंपनी में दवा आपूर्ति के नाम पर 16 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बारुईपुर थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 6 मार्च को बारुईपुर थाने की पुलिस ने तारकनाथ भट्टाचार्य को नागेरबाजार इलाके से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 11 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किये गये थे। एक लग्जरी कार बरामद की गई थी। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद पुलिस को करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि मध्यमग्राम स्थित एक किराए के मकान से करीब 35 लाख रुपये की दवाइयां बरामद की गई हैं। पुलिस को गिरफ्तार व्यक्ति की कई जमीनों का भी पता चला है। बताया गया है कि तारकनाथ भट्टाचार्य पर पिछले तीन वर्षों से बारुईपुर स्थित सस्ता सुंदर नामक कंपनी को दवा आपूर्ति के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे बार-बार पूछताछ की। उसकी प्रेमिका का नाम भी सामने आया। बारुईपुर थाने ने गत सोमवार की रात उस व्यक्ति की प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। गोल्फ ग्रीन क्षेत्र में प्रेमिका के घर की तलाशी में 16 लाख रुपये नकद बरामद हुआ। 40 लाख रुपये के आभूषण और एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रेमिका का नाम शतरूपा सरदार है। शतरूपा विलासितापूर्ण जीवन जीने की आदी है। वह पेशे से एक बार गायक है। एक बार में उसकी मुलाकात नागेरबाजार निवासी तारकनाथ भट्टाचार्य से हुई। गिरफ्तार महिला पर कुल 16 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस ने आरोपों की जांच के बाद तारकनाथ को गिरफ्तार कर लिया। और पुलिस हिरासत में तारकनाथ से पूछताछ के बाद पुलिस को उसकी प्रेमिका मिल गई। गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार को बारुईपुर अदालत में पेश किया जाएगा।



### मुख्यमंत्री के मुर्शिदाबाद दौरे के बीच हरिहरपाड़ा में तृणमूल कार्यकर्ता पर गोलीबारी, अस्पताल में भर्ती



**मुर्शिदाबाद :** जिले के हरिहरपाड़ा थाना अंतर्गत माल-ापाड़ा इलाके में मंगलवार की रात एक तृणमूल कार्यकर्ता पर दो राउंड गोलियां चलाई गईं। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल तृणमूल कार्यकर्ता का नाम मौला बख्श मंडल है। बताया गया है कि इस दिन, रात में वह अपने घर के सामने बैठा था। अचानक तीन लोग आए और उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। एक के बाद एक दो राउंड फायरिंग की गई। एक गोली उसके बाएं हाथ में लगी। दावा किया गया है कि हमला पुरानी दुश्मनी के कारण किया गया है और आरोपी कांग्रेस कार्यकर्ता राजेश और बोबिन है। स्थानीय निवासियों ने गोली लगने से घायल मौला को सबसे पहले हरिहरपारा प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने हमले की जांच शुरू कर दी है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि गोलीबारी के पीछे राजनीतिक रंजिश थी या कोई और कारण।

# एसएलएसटी सुपर न्यूमेरेरी पदों पर नियुक्ति से हटी रोक! हाइकोर्ट के निर्देश से जगी उम्मीद

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने स्पष्ट कर दिया कि एसएलएसटी (2016) के तहत शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा विषय की सुपर न्यूमेरी पदों पर नियुक्ति पर दी गई अंतरिम स्थगन की अवधि समाप्त हो चुकी है, यानी अब इन पदों पर नियुक्ति में कोई स्पष्ट कानूनी बाधा नहीं है।



हालांकि, याचिकाकर्ताओं की ओर से स्थगनादेश की अवधि बढ़ाने की मांग की गई, जबकि राज्य सरकार ने इसका विरोध करते हुए स्थगन को पूरी तरह खत्म करने की अपील की। मंगलवार को हुई सुनवाई में अदालत ने कहा कि स्थगनादेश अब प्रभावी नहीं है, फिर भी मंगलवार को नियुक्ति पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अब बुधवार को फिर से सुनवाई होगी।

अदालत ने बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह उन सभी उम्मीदवारों की सूची प्रस्तुत करे जिन्हें नियुक्ति के लिए अनुशंसा मिली थी।

यह मामला 2016 की एसएलएसटी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा के लिए एक पैनल तैयार किया गया था। वकील बिकाश भट्टाचार्य की ओर से दाखिल एक मामले के चलते यह नियुक्ति लंबे समय से अटकी हुई है। 2022 में राज्य सरकार ने 1600 सुपर न्यूमेरी पद सृजित किए थे, लेकिन योग्य उम्मीदवारों को अब तक नियुक्ति नहीं मिल पाई है।

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व आदेश का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने की अपील की है। हालांकि न्यायमूर्ति बसु ने मौखिक रूप से कहा कि फिलहाल कोई नियुक्ति न की जाए, और सुनवाई जारी रहेगी।

न्यायाधीश ने भी इस मामले से खुद को हटाने की इच्छा जताई है, जिससे मामले का समाधान और भी जटिल होता दिख रहा है। बुधवार की सुनवाई में अगला कदम तय होगा।

# धूम्रपान बना खतरे की घंटी, कोलकाता में हर 100 में से 10 लोग अस्थमा के शिकार!

**कोलकाता :** कोलकाता को लेकर इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की हालिया रिपोर्ट ने चिंता की लहर दौड़ा दी है। विश्व अस्थमा दिवस पर जारी इस रिपोर्ट में खुल-ासा हुआ है कि कोलकाता में हर 100 लोगों में से 10 लोग अस्थमा (दमा) से पीड़ित हैं। यह फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिसके मुख्य लक्षणों में सांस लेने में तकलीफ, सीने में साईं-साईं की आवाज़ और रात में अधिक श्वसन कष्ट शामिल हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस) के अनुसार, पश्चिम बंगाल के लगभग 48.1% लोग तंबाकू के आदी हैं, जिनमें से



अधिकतर धूम्रपान करते हैं। चिंता की बात यह भी है कि बहुत से लोग महज किशोरावस्था पार करते ही सिगरेट पीना शुरू कर देते हैं – इनमें युवा महिलाएं भी शामिल हैं।

कोलकाता मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अरूप चक्रवर्ती ने आईसीएमआर और रीजनल ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर द्वारा की गई एक संयुक्त सर्वे रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया गया कि कोलकाता के हर 100 में से 38 लोग पैसिव स्मोकिंग यानी परोक्ष रूप से धूम्रपान के शिकार हो रहे हैं। यानी ये लोग खुद धूम्रपान नहीं करते, लेकिन उनके आसपास धूम्रपान करने वालों की वजह से उनके फेफड़े प्रभावित हो रहे हैं।

सबसे चिंताजनक स्थिति झुग्गी बस्तियों की है, जहां 75% घरों में रसोईघर में वेंटिलेशन की व्यवस्था नहीं है। इस तरह की कई समस्याएं मिलकर कोलकाता में अस्थमा के मामलों में बढ़ोतरी का कारण बन रही हैं।

## प्रवासी मजदूरों पर मुख्यमंत्री ममता के दावे का सुकांत मजूमदार ने किया विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार ने प्रवासी मजदूरों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दावे का विरोध किया है। दरअसल, सोमवार को मुर्शिदाबाद में एक जनसभा में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में दूसरे राज्यों से आए 1.5 करोड़ मजदूर काम करते हैं। उस दावे का विरोध करते हुए सोमवार की देर रात सुकांत मजूमदार ने एक्स हैंडल पर लिखा कि बंगाल की विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केवल झूठ और भ्रामक जानकारी देकर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रही हैं! प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 16 लाख 56 हजार लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों से पश्चिम बंगाल आए हैं। जबकि 40 लाख से अधिक बंगालवासी काम की



तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आप सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर पेश करना कब बंद करेंगी? इस संदेश के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री के भाषण और भारत के त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से आए प्रवासी श्रमिकों की आपबीती का वीडियो भी अपलोड किया है।

# सोनारपुर में बिजली के झटका से स्कूली छात्र की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोनारपुर थाना अंतर्गत वार्ड 15 के नतुन पल्ली में बिजली का झटका लगने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान देवज्योति धर (14) के रूप में की गई है। वह कोडालिया पास्कनबंगा हाई स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। इस घटना से क्षेत्र में शोक की छाया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शव बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, देवज्योति के पिता कलाचंद धर की एक आभूषण की दुकान है। वहां देवज्योति चावल बांटने के लिए घर में लगी इलेक्ट्रिक तौल मशीन पर चावल तौल रहा था। उसी समय



उसकी मां मुनमुन धर अगले कमरे में पूजा कर रही थीं। पूजा समाप्त करने के बाद वह अपने बेटे के कमरे में गयी और देखा कि देवज्योति जमीन पर बेहोश पड़ा है। जैसे ही वह चिल्लायी, परिवार के अन्य सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और लड़के को बचाया तथा उसे सुभाषग्राम ग्रामीण अस्पताल ले गए। लेकिन वहां डॉक्टरों ने देवज्योति को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर सोनारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल की बिजली आपूर्ति काट दी गई है और वजन तौलने वाली मशीन को जब्त कर जांच के लिए भेजा जाएगा। प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि मशीन में बिजली कनेक्शन में खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई होगी। हालांकि, पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने तक सटीक कारण का पता नहीं लगाया जा सकता है।

## आगामी वर्ष की माध्यमिक परीक्षा की तारीखें घोषित, फरवरी की शुरुआत में होगी परीक्षा

**कोलकाता :** पश्चिमबंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीबीएसई) ने आगामी वर्ष 2026 के माध्यमिक (दसवीं बोर्ड) परीक्षा का रूटीन जारी कर दिया है। अगले वर्ष परीक्षा 2 फरवरी से शुरू होकर 12 फरवरी तक चलेगी। हर साल की तुलना में इस बार परीक्षा की तारीखें और भी पहले घोषित की गई हैं।

**■ यह रहा पूरा रूटीन:**

❑ 2 फरवरी (सोमवार): प्रथम भाषा
❑ 3 फरवरी (मंगलवार): द्वितीय भाषा
❑ 6 फरवरी (शुक्रवार): इतिहास
❑ 7 फरवरी (शनिवार): भूगोल
❑ 9 फरवरी (सोमवार): गणित
❑ 10 फरवरी (मंगलवार): भौतिक विज्ञान
❑ 11 फरवरी (बुधवार): जीवन विज्ञान
❑ 12 फरवरी (गुरुवार): अतिरिक्त विषय

शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा की परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

**■ परीक्षा का समय:**

❑ शुरू: सुबह 10:45 बजे (10:45 -च्)
❑ प्रश्न पढ़ने का समय: पहले 15 मिनट
❑ उत्तर लेखन की शुरुआत: सुबह 11:00 बजे
❑ समाप्ति: दोपहर 2:00 बजे

नोट: वोकेशनल और कंप्यूटर विषयों की परीक्षा के समय में भिन्नता हो सकती है।

छात्रों और अभिभावकों से अनुरोध, परीक्षा रूटीन के अनुसार समय पर तैयारी शुरू कर दें।

## आर.जी. कर छात्रा का नाम उजागर करने के मामले में विनीत गोयल पर हाईकोर्ट सख्त, सभी पक्षों से हलफनामा तलब

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की एक पीड़िता डॉक्टर छात्रा का नाम सार्वजनिक करने के आरोप में कोलकाता पुलिस के पूर्व आयुक्त विनीत गोयल के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर कोलकाता हाईकोर्ट ने सभी पक्षों से हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह आदेश मंगलवार को न्यायमूर्ति राजा शेखर मंथा और न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने दिया।



मामले की सुनवाई के दौरान विनीत गोयल के वकील ने याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाते हुए एक आवेदन दाखिल किया, जबकि केंद्र सरकार के वकील ने हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने सभी पक्षों को हलफनामा पेश करने का आदेश दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 जून को होगी।

गौरतलब है कि वकील अनामिका पांडे ने यह याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने सवाल उठाया था, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहते हुए विनीत गोयल ने कैसे पीड़िता छात्रा का नाम सार्वजनिक कर दिया? इसी आधार पर कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार किया था।

इस मामले को लेकर न्यायालय की सख्ती यह दर्शाती है कि पीड़िताओं की निजता और सुरक्षा के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आगामी सुनवाई में यह तय होगा कि विनीत गोयल के खिलाफ क्या अगला कानूनी कदम उठाया जाएगा।

## ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क डिपो का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने आज ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क डिपो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और रखरखाव कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे। रेड्डी ने डिपो में चल रहे कार्यों को लेकर संतोष व्यक्त किया और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने की सलाह दी। आमार मेट्रो परियोजना के सुचारू संचालन और भविष्य की तैयारियों को लेकर यह निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पूर्वी सेना कमान ने एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सेना की पूर्व कमान मुख्यालय ने मंगलवार को यहां विजय दुर्ग (पूर्व नाम फोर्ट विलियम) स्थित अल्बर्ट एक्का ऑडिटोरियम में एनसीसी सर्वश्रेष्ठ कैडेट पुरस्कार समारोह 2025 का आयोजन किया। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में एनसीसी के पश्चिम बंगाल व सिक्किम और उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) निदेशालयों के कैडेटों को उत्कृष्ट अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। कोलकाता में रक्षा प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि नौ राज्यों और 106 एनसीसी त्रि-सेवा इकाइयों के कैडेटों ने एनसीसी के बैनर तले भारत के युवाओं की व्यापकता और एकता को प्रदर्शित करते हुए समारोह



में भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ एसडी कैडेट ट्राफी रूपम बैद्य को और सर्वश्रेष्ठ एसडब्ल्यू ट्राफी बंगाल और सिक्किम निदेशालय की ज्योति हलदर को प्रदान की गई, जबकि रनर अप पदक मेघालय की कैडेट भावना थापा और एनईआर निदेशालय के असम (एसडब्ल्यू) की कैडेट वीरज्योति शर्मा को मिला। पूर्वी आर्मी कमांडर ने इन सबको सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने प्रेरक संबोधन में पूर्वी आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने देश के भविष्य को आकार देने में एनसीसी की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की। समारोह में एनसीसी के बंगाल व सिक्कम निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विवेक त्यागी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गोदरेज ने कॉम्पैक्ट पर्सनल रूम कूलर 'एज मिनिकूल' पेश किया

**कोलकाता :** भीषण गर्मियों और उपभोक्ताओं की बहुआयामी घरेलू कूलिंग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, गोदरेज एंड बॉयस के अप्लायंसेज़ बिज़नेस, जो गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप का हिस्सा है, ने एयर कूलर सेगमेंट में अपनी नवीनतम पेशकश एज मिनिकूल लॉन्च की है, जो एक कॉम्पैक्ट पर्सनल कूलर है। यह प्रोडक्ट पोर्टेबल, आकर्षक और प्रभावी कूलिंग समाधान की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप के अप्लायंसेज़ बिज़नेस के बिज़नेस हेड और ईवीपी कमल नंदी ने इस नए लॉन्च पर कहा, गर्मियों के दौरान बढ़ते तापमान के कारण उपभोक्ताओं के घरों में एक से अधिक, कुशल और किफायती कूलिंग समाधानों की तत्काल आवश्यकता है। 100 लीटर तक के मजबूत एयर कूलर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ, एज मिनिकूल की लॉन्चिंग के साथ, हम अपने कूलिंग पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं।

## देगंगा में नाबालिग से दुष्कर्म व अत्याचार के आरोप में मकान मालिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के देगंगा थाना इलाके में एक अधेड़ मकान मालिक पर नाबालिग से दुष्कर्म और अत्याचार का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सबूर अली मोल्ला (50) है। पता चला है कि पीड़िता और उसका परिवार आरोपी के घर में किराए पर रहते है। कथित तौर पर, गत रविवार को घर पर कोई नहीं था। सबूर ने इस अवसर का लाभ उठाकर नाबालिग के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिवार का दावा है कि घटना के बाद से नाबालिग शांत हो गई थी। तभी, उन्हें संदेह हुआ। यद्यपि, उससे बार-बार पूछा गया, फिर भी वह पहले तो कुछ भी कहना नहीं चाहती थी। आखिरकार, सोमवार को नाबालिग लड़की ने रोते हुए



अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद, पीड़िता की मां ने मकान मालिक के खिलाफ देगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को जब मंगलवार को बारासात अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नाबालिग की मेडिकल जांच के अलावा आज उसका गोपनीय बयान भी लिया गया।

## सरकारी स्कूल के जयदीप साहा ने बदली सोच, माध्यमिक परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल कर लहराया परचम

**हुगली, समाज्ञा :** जहां एक ओर आज के समय में अधिकांश अभिभावक प्राइवेट स्कूलों को ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माध्यम मानते हैं, वहीं रिसड़ा विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र जयदीप साहा ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। जयदीप ने माध्यमिक परीक्षा 2025 में 607 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है, जिससे सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा और भी मजबूत हुआ है।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार तिवारी ने जयदीप को एक अत्यंत अनुशासित, मेहनती और संवेदनशील छात्र बताया। उन्होंने कहा कि 'जयदीप हमेशा समय पर स्कूल आता था, पढ़ाई में निरंतरता रखता था और सभी शिक्षकों व छात्रों के साथ समन्वय बनाए रखता था। वह न केवल पढ़ाई में, बल्कि चित्रकला और खेलकूद में भी अव्वल रहा है।'

इस साल विद्यालय से 213 छात्र माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 201 उत्तीर्ण हुए। युवराज प्रसाद ने 648 अंक प्राप्त कर प्रथम, जयदीप साहा ने 607 अंक के साथ द्वितीय और शिवराज कुमार सिंह ने 528 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 94.36% रहा, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

जयदीप ने बताया कि उसे बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ ड्राइंग और अन्य सह-पाठ्य गतिविधियों में भाग लेने का शौक है। कई राज्यस्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिताओं में वह पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उसका सपना साइंस स्ट्रीम से पढ़ाई कर डॉक्टर बनना है।

जयदीप के पिता जुगेश्वर साह, जो एक साधारण नौकरी करते हैं और माता पिंकी देवी ने बेटे की सफलता पर गर्व जताया और कहा कि उन्होंने हमेशा उसका मनोबल बढ़ाया है।

प्रधानाध्यापक तिवारी ने कहा 'अगर किसी छात्र में कुछ कर गुजरने की चाह हो, तो विद्यालय या संसाधन बाधा नहीं बनते। सरकारी स्कूल भी प्रतिभा को पंख दे सकते हैं।'

### बंधन एएमसी ने गिफ्ट सिटी में शुरू किया संचालन, तीन भारत-केंद्रित फंड किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन एएमसी लिमिटेड ने गिफ्ट सिटी में अपने आईएफएससी ब्रांच के माध्यम से संचालन शुरू करते हुए तीन भारत-केंद्रित फीडर फंड लॉन्च किए हैं। इनमें बंधन इंडिया लार्ज एंड मिड-कैप फंड, स्मॉल कैप फंड और गवर्नमेंट सिक्योरिटीज फंड शामिल हैं, जो क्रमशः बंधन कोर इक्विटी फंड, स्मॉल कैप फंड और गवर्नमेंट सिक्योरिटीज फंड में निवेश करेंगे। ये फंड इंटरनेशनल निवेशकों को भारत की ग्रोथ स्टोरी से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। निवेशक इक्विटी और फिक्स्ड इनकम दोनों विकल्पों में टैक्स-एफीशेंट निवेश कर सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि इन फंडों के जरिए भारत के मजबूत आर्थिक भविष्य में भागीदारी का मौका मिलेगा। तीनों अंडरलाइंग फंडों का प्रदर्शन ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है, जिनमें कुल एयूएम लगभग 2.57 बिलियन डॉलर है। बंधन एएमसी की 25 वर्षों की विशेषज्ञता और बाजार की गहरी समझ इन निवेश विकल्पों को और भी सशक्त बनाती है।

### मुथूट फिनकॉर्प ने ट्रैंच त एनसीडी श्रृंखला लॉन्च की; 350 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

**कोलकाता :** 138 वर्ष पुराने मुथूट पप्पाचन ग्रुप (मुथूट ब्लू) की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (एमएफएल) ने सुरक्षित और पुनर्भरणीय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स (एनसीडी) की ट्रैंच त श्रृंखला की घोषणा की है। प्रत्येक एनसीडी का अंकित मूल्य 1000 है और इसका निर्गम 29 अप्रैल 2025 से आरंभ होगा। इस अवसर पर मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के सीईओ शाजी वर्गीज ने कहा: हमें अपनी नई एनसीडी श्रृंखला के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो निवेशकों को एक सुरक्षित और उच्च रिटर्न वाला निवेश अवसर प्रदान करती है।

### शौचालय बनाने को लेकर विवाद, बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दत्तापुकुर थाना अंतर्गत जयपुल पश्चिमपाड़ा गांव में दो परिवारों के बीच संपत्ति को लेकर हुए विवाद और हाथापाई में एक सदस्य की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुदीन घोष के रूप में की गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घोष परिवार लंबे समय से पश्चिमपाड़ा गांव के निवासी है। छोटा भाई सुदीन घोष और बड़ा भाई लक्ष्मण घोष है। कथित तौर पर, लक्ष्मण सुदीन की जगह पर शौचालय बनाना चाहता था। सुदीन ने वह काम रोक दिया। इसको लेकर दोनों परिवारों के बीच कुछ समय से अनबन चल रही थी। सोमवार को अशांति अपने चरम पर पहुंच गई। आरोप है कि जब सुदीन ने उसे काम करने से रोकने की कोशिश की तो उसे बुरी तरह पीटा गया। सुदीन को गंभीर रूप से घायल अवस्था में बारासात मेडिकल कॉलेज लाया गया। सोमवार की रात को बारासात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान सुदीन की मौत हो गई। शौचालय को लेकर हुई मारपीट की घटना के संबंध में पुलिस में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने शुरू में कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कथित तौर पर, लक्ष्मण का बेटा प्रीतम घोष राज्य पुलिस में कार्यरत है और लक्ष्मण की ज्यादतियां उसके प्रभाव के कारण हैं।

### आमडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार कार्य में बाधा देने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के विस्तार में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में आमडांगा थाने की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के नाम अब्बास समद (61), मोहम्मद सैयद अहमद (62) और मंजूरुल अमीन उर्फ जाकिर हुसैन उर्फ बबला (43) हैं। सभी आमडांगा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बताया गया है कि हाई कोर्ट के आद-ेशानुसार, गत एक मार्च को पर्याप्त पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तारीकरण का कार्य शुरू हुआ। लेकिन, भूमि संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा छिटपुट अवरोधों के कारण विस्तार कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस संबंध में आमडांगा थाने में मामला दर्ज किया तो पुलिस ने मंगलवार को भूमि संरक्षण समिति के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

## मानवाधिकार आयोग के सामने प्रदर्शन नहीं कर सकेगी भाजपा, कोलकाता हाईकोर्ट ने नहीं दी अनुमति

**कोलकाता :** भाजपा को पश्चिम बंगाल राज्य मानवाधिकार आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली है। कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि पार्टी आयोग के सामने हज़ार लोगों के साथ धरना नहीं दे सकती। हालांकि कोर्ट ने शर्तों के साथ भाजपा को वैकल्पिक स्थान पर प्रदर्शन की अनुमति दी है।

भाजपा का दावा था कि राज्य में मुर्शिदाबाद, भांगड़ समेत कई इलाकों में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं और प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। इसी मुद्दे पर वे मानवाधिकार आयोग के कार्यालय का घेराव कर स्मारक-पत्र सौंपना चाहते थे। इस कार्यसूचि में एक हजार लोगों को शामिल करने की योजना थी।

लेकिन न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने यह अनुमति देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि भाजपा अधिकतम 200 लोगों के साथ सेंट्रल पार्क के पास प्रदर्शन कर सकती है। आयोजकों को शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना अनिवार्य होगा।

साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदर्शन स्थल से पाँच प्रतिनिधि जाकर राज्य मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन सौंप सकते हैं।

कोर्ट के इस आदेश को मानते हुए भाजपा ने कहा कि वे अब संशोधित शर्तों के अनुसार ही अपना प्रदर्शन करेंगे।

## भातार में प्रेम संबंधों के चलते गृहिणी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**वर्दवान :** पूर्व वर्दवान के भातार थाना क्षेत्र के पलार दासपाड़ा इलाके में एक गृहिणी की रहस्यमय मौत का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पति और पत्नी के बीच संघर्ष के कारण पति ने पत्नी को गला घोंटकर हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपी का नाम विजय दास है। मृतक गृहिणी का नाम खंतमाझी उर्फ पूजा दास था। जानकारी के अनुसार, कुछ साल पहले उनका विवाह हुआ था और उनके एक चार साल का बच्चा भी है। पिछले दो साल से वह अपने पति से खास संपर्क में नहीं थीं, क्योंकि उनके बीच आपसी मतभेद थे।



एक होटल कर्मचारी मित्र के माध्यम से खंतमाझी का संपर्क भातर के पलार गांव के निवासी और कांच मिस्त्री पेशेवर विजय दास से हुआ था। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे। हालांकि, दोनों ने औपचारिक रूप से शादी नहीं की थी, लेकिन वे पति-पत्नी की तरह साथ रहते थे। कई बार बाहर घूमने को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। सोमवार को भी इस मुद्दे पर विजय और खंतमाझी के बीच विवाद हुआ था। दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई, जिसमें विजय ने खंतमाझी को गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस को सूचना मिलने पर शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद विजय मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने वर्दवान के नवाहाट क्षेत्र से विजय को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है।

# भांगड़ में मोबाइल चोर के संदेह में व्यक्ति की पीटकर हत्या मामले में तृणमूल युवा नेता गिरफ्तार

❑ **पुलिस ने एक महीने बाद हरियाणा से आरोपी को किया गिरफ्तार**

❑ **अन्य आोपियों की तलाश जारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दूसरे राज्य में छिपने के बाद भी आखिर बच नहीं सका। भांगड़ में एक संदिग्ध मोबाइल फोन चोर की पिटाई और 'हत्या' के आरोप में तृणमूल युवा नेता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अनीसुर रहमान उर्फ रोनी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उसे हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि गत 11 अप्रैल को, मोबाइल फोन चोर होने के संदेह में, दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में अमीरुल लस्कर नामक एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भांगड़ के दुर्गापुर इलाके के गजिरीते गांव निवासी युवा नेता अनीसुर रहमान पर आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर इस मॉब लिंचिंग को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि अमीरुल लस्कर का स्थानीय डॉक्टर अब्दुल हामिद से बिजली लाइन के कनेक्शन को लेकर विवाद हुआ था। अमीरुल ने बिजली लाइन से कनेक्शन जोड़े जाने पर आपत्ति जताई थी। कथित तौर पर, इसके बाद अब्दुल हामिद ने उसे अदालत में ले जाने की धमकी दी। कथित तौर पर, उस व्यक्ति ने अमीरुल पर अपने बेटे का मोबाइल फोन चुराने का आरोप लगाया था। 11 अप्रैल को मध्यस्थता बैठक हुई थी। आरोप है कि वहां उनकी बुरी तरह पिटाई की गई। अगले दिन अमीरुल लस्कर का शव इलाके के एक तालाब के किनारे से बरामद किया गया। घटना के बाद से अनीसुर रहमान और अन्य आरोपी फरार हैं। बाद में, जांचकर्ताओं को पता चला कि अनीसुर बर्दवान में छिप गया है। हालांकि, पुलिस ने छापेमारी की, लेकिन अनीसुर रहमान वहां से भाग निकला। बाद में, पता चला कि वह हरियाणा में छिप गया था। बताया गया है कि वह वहां मजदूरी करता था। बस इसी तरह पुलिस हरियाणा के लिए रवाना हो गई। जांचकर्ताओं ने हरियाणा के अशौदा थाने की पुलिस की मदद से उसे गत 3 मई को गिरफ्तार कर लिया। ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार की रात भांगड़ लाया गया। इस दिन, गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत में पेश किया गया। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

# आखिर आयोग ने खुद से अधिसूचना क्यों जारी नहीं की?

## कोलकाता हाईकोर्ट का राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से सवाल

**कोलकाता :** ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) सूची को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की नई पहल एक बार फिर कोलकाता हाईकोर्ट के सवालों के घेरे में आ गई है। 2010 के बाद राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई ओबीसी सूची को पहले ही रद्द कर चुकी है हाईकोर्ट। अदालत ने तब निर्देश दिया था कि नए सिरे से सर्वेक्षण कर ही आरक्षण दिया जाए। लेकिन अब उस नए सर्वेक्षण पद्धति पर भी कोर्ट ने गंभीर प्रश्न उठाए हैं।

दरअसल, जिन 113 जातियों को पहले की सूची से हटाया गया था, उन्हीं समुदायों से अब फिर आवेदन स्वीकार कर रही है 'राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग'। सोमवार को जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजा शेखर मंथ की डिवीजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने सवाल किया, आयोग आखिर किन आधारों पर पहले से खारिज समुदायों से आवेदन स्वीकार कर रहा है? और आयोग ने खुद अधिसूचना क्यों नहीं जारी की?

कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया कि आयोग को तुरंत समाचार पत्रों में सार्वजनिक अधिसूचना देनी होगी और बीडीओ (ब्लॉक डेवेलपमेंट ऑफिसर) स्तर तक निर्देश पहुंचाने होंगे, ताकि सभी समुदायों को आवेदन देने का समान अवसर मिल सके। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 'राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग' को भी इस मामले में पक्षकार बना दिया है।

मंगलवार को हुई विस्तृत सुनवाई में पहले आयोग ने अपनी सर्वेक्षण प्रक्रिया में किसी भी त्रुटि को स्वीकार नहीं किया, लेकिन बाद में आंशिक रूप से कोर्ट की आपत्तियों को मान लिया। आयोग ने अनुरोध किया कि चूंकि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसलिए फिलहाल उसमें हस्तक्षेप न किया जाए। कोर्ट ने यह मांग मानते हुए फिलहाल दखल न देने का निर्णय लिया, लेकिन स्पष्ट कर दिया कि आगे किस प्रक्रिया से नई ओबीसी सूची तैयार की जाएगी, इसका शपथपत्र के माध्यम से विवरण देना होगा।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

## बहन को बचाने में गई भाई की जान, आरोपी पूर्व प्रेमी की तलाश में जुटी पुलिस

**दक्षिण दिनाजपुर :** बहन को बचाने के प्रयास में घर में छिपे अपराधी के हाथों एक युवक की जान चली गयी। मृतक का नाम ज़िमेन टुडू (23) है। यह घटना गत सोमवार की रात दक्षिण दिनाजपुर के हरिरामपुर थाने के किस्मत कस्बा गांव में घटी। घटना की सूचना मिलने पर हरिरामपुर थाने की पुलिस मौके पर गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हेमंत मुर्मू नामक बदमाश सोमवार की रात स्वर्णलता सोरेन के घर के पलंग के नीचे पेट्रोल और चाकू लेकर छिपा हुआ था। वह मालदह जिले के बुलबुलचंडी इलाके का निवासी है। स्थानीय लोगों का दावा है कि स्वर्णलता सोरेन की पूर्व परिचित हैं। स्वर्णलता जब रात्रि भोजन के बाद अपने कमरे में गई तो उसने देखा कि उसके बिस्तर के नीचे कोई लेटा हुआ है। वह तुरंत घर से बाहर निकली और अपने भाई जिमेन टुडू को घटना के बारे में बतायी। कथित तौर पर, जिमेन उसके कमरे में घुस गया और स्वर्णलता पर कूद पड़ा, जब वह हेमंत मुर्मू को बिस्तर के नीचे से खींचने ही वाला था, कथित तौर पर उसने चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। तभी स्वर्णलता को बचाने के लिए उसका भाई आगे आया। कथित तौर पर, हेमंत ने उस समय जिमेन के गले पर चाकू से वार किया। जिमेन टुडू की मृत्यु उसकी ग्रासनली कट जाने से हो गई। इस बीच, हमलावर हेमंत मुर्मू घटना के बाद से फरार है। सूचना मिलने पर हरिरामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घटना की शव शुरू कर दी। पुलिस ने हमलावर की तलाश शुरू कर दी है।

## अगले दो हफ्ते तक एल्गिन रोड की तीन रेस्टोरेंट्स पर कार्रवाई नहीं कर सकेगी कोलकाता नगर निगम, हाईकोर्ट का निर्देश

**कोलकाता :** एल्गिन रोड स्थित तीन लोकप्रिय रूफटॉप रेस्टोरेंट - ड्रंकन टेडी, रोमानिया और स्क्रैपयार्ड को कोलकाता नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस को लेकर नया मोड़ आया है। कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को निर्देश दिया है कि अगले दो सप्ताह तक इन रेस्टोरेंट्स के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती।

इन रेस्टोरेंट्स को 'रूफटॉप' संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने नगर निगम से सवाल किया - जब इन रेस्टोरेंट्स के पास वैध ट्रेड लाइसेंस और फायर लाइसेंस है, तो उन्हें अवैध घोषित करने का आधार क्या है?

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक अगला आदेश न आ जाए, नगर निगम इन रेस्टोरेंट्स के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठा सकता। साथ ही रेस्टोरेंट्स को भी वैकल्पिक समाधान खोजने की सलाह दी गई है।

इससे पहले पार्क स्ट्रीट इलाके के एक अन्य रूफटॉप रेस्टोरेंट मैग्मा हाउस के विरुद्ध भी तोड़फोड़ की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी। उस मामले में भी न्यायमूर्ति गौरांग कांत की बेंच ने आदेश दिया था कि अगली सुनवाई तक किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

एल्गिन रोड मामले की अगली सुनवाई आगामी गुरुवार को हो सकती है।

## बैरकपुर में नवविवाहित जोड़े को धमकाने और अपहरण की कोशिश का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक इंटीरियर डेकोरेशन कंपनी पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि इस कंपनी ने नवविवाहित जोड़े को धमकाया और उनका अपहरण करने की कोशिश की। यह मामला तब सामने आया जब एक व्यक्ति ने सीबीआई अधिकारी का वर्दी पहनकर नवविवाहित जोड़े को धमकाना शुरू किया। घटना के अनुसार, इंटीरियर डेकोरेशन कंपनी ने नवविवाहित जोड़े को जान से मारने की धमकी दी और अपहरण का प्रयास किया। यह घटना बैरकपुर इलाके की है, जहां साथि लेखा बनर्जी और सुमित गांगुली की शादी की तैयारियां चल रही थीं। नवविवाहित जोड़े ने घर सजाने के लिए शिवाजी सिंह की इंटीरियर डेकोरेशन कंपनी से संपर्क किया और एक लाख रुपये का चेक दिया। लेकिन शादी रुक जाने के बाद जब साथि ने चेक वापस करने का अनुरोध किया, तो कंपनी ने इसके बजाय उन्हें और उनके परिवार को धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि सीबीआई अधिकारी की वर्दी में एक व्यक्ति बार-बार उनके घर आया, पिस्टल लहराकर धमकियां दी और नवविवाहित जोड़े को अपहरण करने की कोशिश की। नवविवाहित जोड़े ने डर के कारण दीघा, तारापीठ और अन्य स्थानों पर पलायन किया। बैरकपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय पुलिस ने समझौता करने का दबाव डाला। नवविवाहित जोड़े का कहना है कि उन्होंने कंपनी की सेवाएं नहीं लीं, तो उन्हें क्यों भुगतान करना होगा? यह मामला सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस के पास पहुंचा, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, और नवविवाहित जोड़े को इंटीरियर डेकोरेशन कंपनी के हमलों का डर हर पल सताता है। पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया और समस्या का समाधान नहीं किया।

## न्यू सरस्वती हाउस ने दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में भव्य ऑथर्स मीट 2025 के साथ मनाया 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का जश्न

**नई दिल्ली :** शैक्षिक उत्कृष्टता और साहित्यिक प्रतिभा का भव्य उत्सव करते हुए न्यू सरस्वती हाउस ने अपनी 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित ऑथर्स मीट 2025 के माध्यम से विशेष रूप से मनाया। यह आयोजन देशभर से प्रतिष्ठित लेखकों, शिक्षाविदों, विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों को एक साथ लाया, जिन्होंने शिक्षा की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



2 मई 2025 को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में लेखकों को सम्मानित किया गया, जिनकी लेखनी ने न केवल विद्यार्थियों को सशक्त किया, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था की नींव को भी मजबूत किया। माहौल भावुकता, कृतज्ञता और उत्सव से भरा हुआ था।

कार्यक्रम में न्यू सरस्वती हाउस की प्रेरणादायक यात्रा पर वक्तव्य, अनुभव-साझा करने वाले सत्र और पुरानी यादों को ताज़ा करने वाले पल शामिल थे। एक विशेष दृश्य-प्रस्तुति के माध्यम से यह दिखाया गया कि किस प्रकार यह प्रकाशन संस्था साधारण शुरुआत से आज भारत के सबसे विश्वसनीय शैक्षिक भागीदारों में से एक बन गई है।

इस अवसर पर न्यू सरस्वती हाउस के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि ने कहा, यह शाम केवल हमारे 75 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि उन लेखकों के प्रति गहन सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी है, जिन्होंने हमारे सफर को दिशा दी और ज्ञान का दीप जलाए रखा।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें यह संकल्प दो-हराया गया कि न्यू सरस्वती हाउस अपनी यात्रा को पार्टनर इन लर्निंग के रूप में आगे भी पूरी निष्ठा से जारी रखेगा।

## नागेरबाजार में लाखों की लूट, एसी चलाकर की चोरी, मिठाई खाकर निकले चोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम की प्राइवेट रोड स्थित एक घर में चोरी की अनोखी वारदात सामने आई है। चोरों ने न केवल लाखों रुपये और सोने के गहने चुरा लिए, बल्कि एसी चलाकर आराम से 'ऑपरेशन' को अंजाम दिया और जाते-जाते फ्रिज से मिठाई भी खा गए। इस घटना में करीब 12 लाख रुपये नकद और 300 ग्राम सोने के गहने चोरी होने की बात सामने आई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह मकान रबर फैक्ट्री के मालिक विश्वजीत पाल का है। 27 अप्रैल को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ मुंबई में कार्यरत बेटी से मिलने गए थे। घर पूरी तरह खाली था, हालांकि उन्होंने अपने भाई को बताया था कि उनके ससुर और सास घर आकर रहेंगे। जब बुजुर्ग दंपति वहां पहुंचे,



तो घर की हालत देख वे दंग रह गए।

परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घर में लगे सीसीटीवी फुटेज से पूरी घटना का पता चला। घटना की रिपोर्ट नागेरबाजार थाने में दर्ज की गई है। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं और संदिग्धों की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस वारदात में किसी जानकार व्यक्ति का हाथ हो सकता है।

# चेन्नई में काम करने गए बंगाल की दंपत्ति का शव होटल के कमरे से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दूसरे राज्य में काम करने गए बंगाल के एक दम्पति का शव होटल के कमरे से बरामद किया गया। मृतक दंपत्ति का नाम रिजवान मोल्ला (27) और ताजमीरा खातून (23) है। रिज़ानूर का लटका हुआ शव होटल के कमरे से बरामद किया गया, जबकि ताजमीरा का शव उस कमरे में फर्श पर पड़ा हुआ था। घटना का खुलासा होने पर हड़कंप मच गया। इस बात की जांच शुरू हो गई है कि यह 'हत्या' थी या 'आत्महत्या'। पता चला है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था। और एक साल पहले रिजवान और ताजमीरा की शादी हुई थी। बताया जाता है कि दोनों के बीच रिश्ते काफी अच्छे थे। रिजवान



हावड़ा के आमता का निवासी था, जबकि ताजमीरा का घर डायमंड हार्बर के कमालपुर में है। शादी के बाद रिजवानुर नौकरी करने चेन्नई के एक होटल में चला गया। बताया गया है कि उनकी पत्नी भी वहां नौकरानी का काम करती थी। होटल सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात उनके कमरे का दरवाजा बंद था। अन्य लोगों को संदेह हुआ क्योंकि काफी देर से दरवाजा नहीं खुला था। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दो शव बरामद किए। होटल सूत्रों के अनुसार, रिजवान ने सोमवार की सुबह अपनी पत्नी को कमरे में बुलाया था। उसके बाद, उन दोनों को फिर नहीं देखा गया। ऐसा क्यों हुआ? क्या पति ने अपनी पत्नी की हत्या करके आत्महत्या कर ली? या कोई अन्य घटना? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। बताया गया है कि उस कमरे से कई नमूने भी एकत्र किये गये हैं। दम्पति की मृत्यु की सूचना उनके घर पर दी गई। खबर सुनकर दोनों परिवार के सदस्यों के सिर पर आसमान टूट पड़ा है।

## एनआरआई कोटे से मेडिकल दाखिलों में अनियमितताओं को लेकर कोलकाता में पांच जगहों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास कई जगहों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई गैर-निवासी भारतीय (एनआरआई) कोटे के तहत राज्य में निजी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में भारी अनियमितताओं से संबंधित एक मामले के संबंध में की गई। सूत्रों ने बताया कि कम से कम 50 लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजे गए हैं, जिनमें से अधिकांश राज्य में कई राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों के करीबी रिश्तेदार या सहयोगी हैं। सूत्रों ने बताया कि जिन लोगों को नोटिस भेजे गए हैं, उनसे आयकर रिटर्न, बैंक खाते और उनके नाम पर पंजीकृत संपत्तियों सहित



अपने वित्तीय विवरण केंद्रीय एजेंसी को जमा करने के लिए भी कहा गया है। जानकारी के अनुसार, सुबह से ही कोलकाता और उसके आसपास पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए गए। जिन स्थानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है, उनमें न्यू टाउन में एक निजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा कोचिंग सेंटर का कार्यालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाली एक महिला वकील का निवास भी शामिल है।

## चित्तरंजन-सीतारामपुर के बीच 7 और 11 मई को ट्रैफिक ब्लॉक, कई ट्रेनें प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** आसनसोल मंडल के चित्तरंजन और सीतारामपुर स्टेशनों के बीच ट्रैक के मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए रेलवे ने 7 मई और 11 मई 2025 को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की योजना बनाई है। यह ब्लॉक 13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस के गुजरने के बाद लागू किया जाएगा। इस कारण कई लोकल ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। 63509/63510 वर्दवान-झाझा-वर्दवान मेमू को आसनसोल पर ही समाप्त/आरंभ किया जाएगा यानी यह ट्रेन झाझा तक नहीं जाएगी। वहीं, 63546 जसीडीह-आंडाल मेमू को 150 मिनट देरी से चलाया जाएगा।

## शिवचर्चा का आयोजन, भक्तिमय हुआ माहौल

**हावड़ा :** हावड़ा नगर निगम के वार्ड 17 के एम.सी.घोष लेन में मंगलवार को एक दिवसीय शिव चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने शिव महिमा का गुणगान किया। स्थानीय बहनों ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। शिव भक्तों ने शिव महिमा के बारे में लोगों को बताया और चर्चा की। कलाकारों के भजन, कीर्तन और संगीत से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। वक्ताओं ने कहा कि सभी के गुरु एकमात्र शिव हैं। शिव भक्ति और चर्चा करने से जीवन के सभी दुःख व कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है।

आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भोग का भी आयोजन किया गया। शिव चर्चा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा




लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मध्य हावड़ा तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह, मध्य हावड़ा तृणमूल कांग्रेस के एसटी/एससी सेल के उपाध्यक्ष कन्हाई लाल धानुक, तृणमूल कांग्रेस के वार्ड नंबर 17 के अध्यक्ष गौतम लाल, युवा अध्यक्ष राजकुमार शर्मा उप-स्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौतम लाल, जय प्रकाश साव, अनिल चौधरी, अशोक जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, सोनू सोनकर, बंटी साव, अंजू सिंह, सुष्मिता राय, कमलेश पाठक, अभय नारायण साव व अन्य सक्रिय रहे।

# चंडीतला थाने की पुलिस को मिली बड़ी सफलता

❑ **450 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त**

**हुगली :** ग्रामीण पुलिस के तहत चंडीताला थाने की पुलिस ने एक बड़े अभियान में 450 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त किए और इसके वितरण में शामिल दो आरोपियों राजू नाथ और गोविंदा अधिकारी को गिरफ्तार किया। यह ऑपरेशन एक गुप्त सूचना के आधार पर चलाया गया। पुलिस अधिकारी उस गोदाम पर पहुंचे जहां प्रतिबंधित विस्फोटक रखे हुए थे, भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए तथा उपरोक्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति



अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, विशेष रूप से त्यौहारी सीजन से पहले, जब ऐसी अवैध गतिविधियां आम तौर पर बढ़ जाती हैं। अवैध पटाखों की यह जब्ती खतरनाक और अनियंत्रित आतिशबाजी के प्रसार को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। चंडीतला थाना पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार सूचना मिलने पर चंडीतला थाना पुलिस ने अल्ट्राटेक कंपनी में छापेमारी कर अभय कुमार उर्फ गोलू कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 8 बैटरियां बरामद की।

चोरी और आपराधिक अतिचार से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब खरीदार और उसके सहयोगियों की तलाश कर रही है जो अवैध नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं। ऑपरेशन के बारे में बात करते हुए चंडीताला एसडीपीओ ने कहा, 'ये गिरफ्तारियां हमारी सक्रिय गश्त और समय पर मिली सूचना का नतीजा हैं। हम ऐसे अपराधों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो जनता के जीवन और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं।'

# हावड़ा मंडल के 100 वर्ष, राजधानी एक्सप्रेस बनी भारतीय रेल की रफ्तार और आधुनिकता की मिसाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाला हावड़ा मंडल वर्ष 2025 में अपनी स्थापना के 100 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव मना रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हावड़ा स्टेशन, जिसने भारतीय रेलवे के इतिहास में कई उल्लेखनीय घटनाओं की साक्षी दी है, अनेक यात्री-केंद्रित पहलों का केंद्र रहा है। इन्हीं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर रही राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत, जो भारत की पहली सुपरफास्ट और पूर्णतः वातानुकूलित ट्रेन है। 1960 के दशक में दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर यात्री भार में तेजी से वृद्धि के चलते इस विशेष सेवा की जरूरत महसूस की गई और 3 मार्च 1969 को राजधानी एक्सप्रेस ने हावड़ा से नई दिल्ली के लिए ग्रैंड कॉर्ड मार्ग पर अपनी पहली यात्रा की। शुरू में यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती थी और




120 किमी प्रति घंटा की गति के साथ देश की सबसे तेज ट्रेन बन गई, जिसने कालका मेल को पीछे छोड़ दिया। इस ट्रेन में ऑनबोर्ड केटरिंग, विशेष तकनीकी स्टाफ और पूरी यात्रा के दौरान उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध थीं। इसकी गति के अनुकूल ट्रैक का उन्नयन, सुरक्षा उपाय और लेवल क्रॉसिंग पर कर्मचारियों का विशेष प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया। समय के साथ इसकी सेवा प्रतिदिन कर दी गई, जिसमें छह दिन धनबाद और एक दिन पटना मार्ग से संचालन होता है। वर्ष 2000 में सियालदह-नई दिल्ली राजधानी की शुरुआत ने इस नेटवर्क को और विस्तार दिया। आज भी राजधानी एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की सेवा, रफ्तार और नवाचार का गौरवपूर्ण प्रतीक बनी हुई है।

## हावड़ा मंडल के 100 वर्षों के उपलक्ष्य में हावड़ा स्टेशन पर प्रभात फेरी का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में चल रहे उत्सवों के तहत मंगलवार को हावड़ा स्टेशन पर एक रंगीन प्रभात फेरी और पंपलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें रेलवे कर्मचारी और समर्पित स्वयंसेवकों ने बड़ी धूमधाम से हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम ने देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक हावड़ा स्टेशन की सुबह को जोश और ऊर्जा से भर दिया। प्रभात फेरी स्टेशन परिसर से शुरू होकर प्रमुख स्थानों से गुजरती हुई निकली, जिसमें भाग लेने वाले लोग हावड़ा मंडल की गरिमा और विरासत को दर्शाने वाले नारे लगाते गए। इस आकर्षक यात्रा ने न केवल यात्रियों बल्कि आम लोगों का भी ध्यान खींचा। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को पंपलेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य हावड़ा मंडल की उपलब्धियों, योगदान और भविष्य की योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना था।

# पूर्व रेलवे ने सांसदों के साथ हावड़ा एवं सियालदह मंडलों पर मंडलीय समिति की बैठक की आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने कोलकाता में हावड़ा और सियालदह मंडलों के अंतर्गत रेल नेटवर्क से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हेतु एक उच्च स्तरीय मंडलीय समिति बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, प्रधान विभागाध्यक्ष, दोनों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक, उप महाप्रबंधक (सामान्य) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सांसदों की सक्रिय भागीदारी रही। इसमें कीर्ति आजाद झा, विजय कुमार हांसदा, असीत कुमार माल, जगन्नाथ सरकार, महुआ मैत्रा, नलिन सोरेन, डॉ. शर्मिला सरकार, बापी हा-लदार, सायनी घोष, प्रसून बनर्जी, पार्थ भौमिक, नादिमुल हक (राज्यसभा सांसद) सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कई सांसदों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक का संचालन कीर्ति आजाद झा की अध्यक्षता में हुआ।



बैठक में पूर्व रेलवे के अंतर्गत यात्री सुविधाओं, आधारभूत ढांचे के विकास, रेल सेवाओं के विस्तार और सांसदों के क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न सुझावों पर विस्तृत चर्चा की गई। महाप्रबंधक श्री देउस्कर ने सांसदों को आश्वस्त किया कि प्रस्तुत सभी मांगों और सुझावों की व्यवहार्यता की जांच कर आवश्यक प्रस्तावों को रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्वी रेलवे में यात्री सुविधाओं के विकास के लिए कार्य प्रगति पर हैं और इसके लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान भी उपलब्ध हैं। यह बैठक पूर्व रेलवे और सांसदों के बीच एक प्रभावी संवाद मंच के रूप में सामने आई, जिसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता की आवश्यकताओं को समझना और रेल सेवाओं को अधिक सुलभ व उपयोगी बनाना रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गंगा नदी में स्नान करते समय डूबने से दो युवकों की मौत

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र स्थित हनुमान घाट पर मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने उतरे दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों के शव को गोताखोरों की मदद से गंगा नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भेलूपुर थानाध्यक्ष गोपालजी कुशवाहा ने बताया कि वाराणसी के हनुमान घाट पर मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने आये दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी। दोनों युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने आये थे। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान दोनों युवक गहरे पानी में चले गए, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गयी। कुशवाहा ने बताया कि मृतकों की पहचान आदित्य राय (18) और विराट सिंह (19) के रूप में हुई है। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में अगली सुनवाई 23 मई को

**प्रयागराज :** मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई टाल दी और अगली तिथि 23 मई, 2025 निर्धारित की। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा द्वारा की जा रही है। आज जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, मुस्लिम पक्ष ने वाद संख्या 1 और 16 में संशोधित आवेदन के खिलाफ अतिरिक्त जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत को बताया गया कि विभिन्न आदेशों के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष याचिकाएं दायर कर रखी हैं जो लंबित हैं और उच्चतम न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किए जाने तक इस मामले में सुनवाई टाली जाए। हिंदू पक्ष ने इसका विरोध किया। हालांकि अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 23 मई निर्धारित की। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और वहां मंदिर बहाल करने के लिए 18 मुकदमे दाखिल किए हैं। इससे पूर्व, एक अगस्त, 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू पक्षों द्वारा दायर इन मुकदमों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य) को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों का नीतीश कुमार के आवास के पास प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज




**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के पास मंगलवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर एक, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर प्रदर्शन किया। पूरा इलाका उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और वहां इस तरह के किसी भी प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर राज्य सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाले बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के खिलाफ नारेबाजी की। सचिवालय-1 की अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अनु कुमारी ने प्रदर्शनकारियों से तुरंत क्षेत्र खाली करने का अनुरोध किया, क्योंकि वहां ऐसी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। जब प्रदर्शनकारियों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। हालांकि, एसडीपीओ ने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि लाठीचार्ज में कई लोग घायल हुए, जिसे अधिकारियों ने नकार दिया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों में शामिल कृति दत्त ने बताया कि वे पिछले चार महीने से गर्दनीबाग इलाके में प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने मंत्रियों से लेकर सचिवों और विधायकों तक सभी से संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी हमें कोई समाधान नहीं दिया। एक अन्य अभ्यर्थी ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि इस मुद्दे पर बीपीएससी को एक पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार से इस घटना पर टिप्पणी के लिए कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किए जाने की निंदा की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, हम आज (मंगलवार को) प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हैं। जब युवा न्याय की मांग करते हैं, तो उनकी आवाज को बेरहमी से कुचल दिया जाता है। युवाओं की आवाज को कुचलना केंद्र और राज्य की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकारों का 'फैशन' बन गया है।

### संभल हिंसा : सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे से एसआईटी ने पांच घंटे पूछताछ की

**संभल (उप्र) :** संभल में पिछले वर्ष नवंबर माह में हुई हिंसा के मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए और उनसे पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। सुहैल इकबाल ने संभल कोतवाली थाने में अपना बयान दर्ज कराया। बयान दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सुहैल ने कहा, एसआईटी ने आज मुझे बुलाया था। मैंने अपने पास मौजूद जानकारी के आधार पर सभी सवालों के जवाब दिए। कैमरे के सामने सवालों को बताना उचित नहीं होगा। टीम ने कई सवाल पूछे और हमने अपने पास मौजूद सारी जानकारी दे दी। अगर एसआईटी मुझे दोबारा बुलाती है तो मैं जरूर पेश होऊंगा। एसआईटी की टीम द्वारा की गई पूछताछ दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई और पांच घंटे से अधिक समय तक चली।

## न्यूज अपडेट

### मऊ में आकाशीय बिजली गिरने से दंपति समेत तीन लोगों की मौत



**मऊ :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में आकाशीय बिजली गिरने की दो घटनाओं में एक दंपति समेत तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों अनुसार, पहली घटना हलधरपुर थाना क्षेत्र के सेहबरपुर ग्राम पंचायत में सोमवार शाम हुई। उन्होंने बताया कि लालचंद राजभर (40) शाम करीब 5:30 बजे गांव के बगल में भैंस चरा रहे थे, तभी अचानक बारिश शुरू हुई और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर लालचंद की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, दूसरी घटना भी हलधरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठैचा ग्राम पंचायत के रेता पुरवा में हुई, जहां आकाशीय बिजली गिरने से राजभर दंपति की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान कांता राजभर (55) और उनकी पत्नी बलकेतिया देवी (50) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों खेत में खरबूजे की फसल की रखवाली कर रहे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से दोनों की जान चली गयी। हादसे की सूचना मिलते ही गांव वालों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इला मारन जी ने बताया कि सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। एसपी ने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। दोनों घटनाओं में राजस्व विभाग की टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक प्रक्रिया पूरी की।

### तबादला नीति 2025-26 को कैबिनेट की मंजूरी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025-26 की तबादला नीति को मंगलवार को मंजूरी दे दी। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस निर्णय की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि इस तबादला नीति में सामान्य रूप से वे ही प्रावधान हैं जो पिछले साल लागू थे। उन्होंने बताया कि यह नीति एक महीने तक यानी 15 मई से 15 जून तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस नीति में खास तौर पर ऐसी व्यवस्था की गयी है कि आकांक्षात्मक जिलों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में किसी भी प्रकार से कोई पद खाली ना रहे। एक अन्य निर्णय में मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र नीति-2024 को अनुमोदित कर दिया। खन्ना ने बताया कि वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, वित्त एवं लेखा, मानव संसाधन एवं ग्राहक सहायता समेत विभिन्न सेवा क्षेत्रों में संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत में इन क्षमता केंद्रों ने प्रमुख क्षेत्रों में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा कि इनमें सॉफ्टवेयर एवं प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा, दूरसंचार एवं नेटवर्किंग, मीडिया, मनोरंजन एवं सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरण के क्षेत्र भी शामिल हैं।

### योगी सरकार नवंबर में आयोजित करेगी राज्य का पहला 'दुधवा महोत्सव'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए लखीमपुर खीरी जिले में स्थित दुधवा बाघ अभयारण्य में 'दुधवा महोत्सव' कराने का निर्णय लिया है। एक बयान के मुताबिक, 'दुधवा महोत्सव' नवंबर में होगा। बयान में बताया गया कि यह प्रदेश का पहला आवासीय सांस्कृतिक एवं वन्यजीव महोत्सव है। तीन दिवसीय महोत्सव न सिर्फ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जैविक समृद्धि का उत्सव होगा, बल्कि यह पर्यटकों को जंगल की प्रकृति से जुड़ने और 'थारू' संस्कृति को करीब से जानने का मौका भी देगा। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश को बहुआयामी पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए नवंबर में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा और इसमें 2,000 से अधिक पर्यटक शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव का केंद्र सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक दृश्य, ग्रामीण पर्यटन, थारू जनजाति की विरासत, उनका खानपान, हस्तशिल्प, औषधीय ज्ञान और जीवनशैली होगा तथा इस दौरान पर्यटक कैम्पिंग की सुविधा का लाभ भी उठा सकेंगे।

## राजस्थान के कई इलाकों में बारिश, अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे



**जयपुर :** पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते 24 घंटे में राजस्थान के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। तेज हवाओं के कारण सोमवार दोपहर पाली में चलती मालगाड़ी से चार खाली कंटेनर गिर गए। सोमवार रात को आए आंधी के कारण बांसवाड़ा में कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में मेघ गर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश एवं आंधी का दौर अगले 4-5 दिन जारी रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार, 'मंगलवार सुबह तक के 24 घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 56 मिलीमीटर बारिश वल्लभनगर (उदयपुर) में दर्ज की गई।' इस दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान चूरू में 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.2 डिग्री कम है। वर्तमान में आंधी-बारिश के प्रभाव से अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से पांच से 15 डिग्री सेल्सियस तक कम है।

## उत्तर प्रदेश में बुधवार को 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा : पुलिस महानिदेशक




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को राज्य में नागरिक और पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं तथा आपदा प्रतिक्रिया बल को शामिल करते हुए पूर्ण पैमाने पर एक 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा। पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर नागरिक और संस्थागत तैयारियों के लिए यह ड्रिल महत्वपूर्ण है, जिसमें कश्मीर में निर्दोष पर्यटक मारे गए थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, 'हमें सात मई को मॉक ड्रिल को लेकर केंद्र सरकार से निर्देश मिले हैं। (ड्रिल के लिए राज्य के) उन्नीस जिलों की पहचान की गई है।' उन्होंने कहा कि इन जिलों को विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है। डीजीपी ने कहा, 'इन 19 में से एक जिले को 'ए' श्रेणी में, दो को 'सी' श्रेणी में और बाकी को 'बी' श्रेणी में रखा गया है। हालांकि, स्थानीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि आपातकालीन स्थिति में एकीकृत प्रतिक्रिया के लिए नागरिक और पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवाओं और आपदा प्रतिक्रिया बल सहित सभी कार्यक्षेत्रों में एक संयुक्त अभ्यास किये जाएं।' उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'पीटीआई वीडियो' को बताया कि उप्र सरकार ने मॉक ड्रिल आयोजित करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, 'देश भर में मॉक ड्रिल आयोजित करने का फैसला एक स्वागत योग्य कदम है। जिस तरह की स्थिति का देश अभी सामना कर रहा है, यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक नागरिक हमारे सैनिकों की तरह युद्ध के लिए तैयार हो। भारत के दुश्मनों के ताबूत में अंतिम कील ठोकने और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, वह किया जाएगा।'

## उप्र में निजी बस अड्डे बनाने की नीति को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 'यूपी स्टेज कैरेज बस टर्मिनल, कॉन्ट्रैक्ट कैरेज और आल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना और विनियमन) नीति-2025 को मंजूरी दे दी। इसके तहत राज्य के सभी जिलों में निजी बस अड्डे खोले जा सकेंगे। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि प्रदेश में लगातार बढ़ते सड़क सम्पर्क और मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ बसों की संख्या भी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। उनकी पार्किंग के लिये होने वाली समस्या और आवश्यकता को देखते हुए आज एक विशेष नीति को मंजूरी दी गई है। इसमें विशेष रूप से निजी भागीदारी के माध्यम से यह व्यवस्था की जा रही है कि दो एकड़ जमीन पर निजी बस स्टैंड की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि नई नीति के तहत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक नियामक प्राधिकरण का गठन किया जाएगा जो स्टेज कैरेज बस टर्मिनलों, कॉन्ट्रैक्ट कैरेज पार्कों और आल इंडिया टूरिस्ट बस पार्कों की स्थापना के लिये आवेदन आमंत्रित करेगा।

# मनोरंजन

## शेर ने खायीं जलेबियां

अनिल शर्मा 'अनिल'



शेर और जलेबी खाये, यकीन नहीं होता है न। हो ही नहीं सकता, ये ही कहेंगे आप किन्तु ऐसा हुआ। शेर ने जलेबियां खायी। कैसे? बताते हैं पूरा किस्सा।

बात बहुत पुरानी है। कहते हैं जयपुर महाराज के यहां एक दीवान अमीरचन्द काम करते थे। दीवान जी अहिंसावादी सत्यवादी, निर्भीक व्यक्ति थे। राजा भी उन्हें काफी सम्मान देते थे, तो अन्य कर्मचारी मन ही मन अमीरचन्द से ईर्ष्या भाव रखते थे। वे मौके की तलाश में रहते कि कैसे महाराज की नजरों में अमीरचन्द का सम्मान घटे।

महाराज ने अपने महल में एक शेर पाल रखा था। शेर को प्रतिदिन पिंजड़े में ही मांस खाने को दिया जाता था। मांस खिलाने अलग-अलग कर्मचारी बारी बारी से शेर तक जाते थे। वे पिंजड़े में बन्द शेर को मांस देकर वापस आ जाते थे।

एक दिन की बात है कि किसी कारण से सभी कर्मचारी महल से बाहर थे। शेर को मांस दिये जाने का समय हो गया था। भूखा शेर पिंजड़े में दहाड़ मार रहा था। शेर को मांस देने कौन जाये? अमीरचन्द तो अहिंसा के पुजारी थे वे कैसे मांस खिलाएंगे? राजा ने एक बूढ़े कर्मचारी से कहा-जाओ मांस खिला दो शेर को।

बूढ़ा चालाक था। उसने सोचा यही मौका है अमीरचंद को राजा की नजरों से गिराने का। उसने कहा-महाराज-अमीरचंद को यह काम सौंपा जाना चाहिए। मैं तो बूढ़ा हूं। महाराज ने तुरन्त अमीरचन्द को बुलाकर आदेश दे दिया कि आज तो शेर को तुम्हें ही मांस खिलाना होगा।

अमीरचन्द धर्मसंकट में थे। वे भला अपने हाथों मांस लेकर कैसे जायें। वह बाजार गये और एक हलवाई से पांच किलो जलेबी लेकर शेर के पिंजड़े की ओर चल दिये।

चालाक बूढ़े कर्मचारी ने महल में और बाहर यह सूचना पहुंचा दी कि सभी कर्मचारी यह देखने के लिए जुट गये कि जलेबी देखकर शेर गुस्सा जाएगा और फिर अमीरचन्द का काम तमाम कर देगा।

अमीरचन्द जलेबी लेकर शेर के पिंजड़े में निडर होकर पहुंच गये। जलेबी की टोकरी शेर के सामने रखी। गर्दन झुका दी-हे सिंह, मैं अपने धर्म के कारण तुम्हें मांस नहीं दे सकता। तुम चाहो तो मुझे ही खा लो। भूखा शेर दहाड़ा। आगे बढ़ा और अमीरचन्द के पास आकर पीछे पलटा।

आश्चर्य, शेर ने जलेबी खायी। अमीरचन्द को कुछ नहीं कहा। ईर्ष्यालु दरबारियों के मुंह पर बिना मारे ही तमाचा लग गया था। अब अमीरचन्द महाराजा के और भी प्रिय बन गये। यह घटना आज भी कही सुनी जाती है। अमीरचन्द जैसे दृढ़ विचारों वाले व्यक्ति हर जगह सफलता पाते हैं। (उर्वशी)

## तारों की छांव में

नरेंद्र देवांगन



एक गांव में डोरा नामक लड़की और ब्रूटस नामक बंदर में गहरी दोस्ती थी। दोनों एक होटल में काम करते थे। दोनों दुनिया में अकेले थे। डोरा होटल में वेटर का काम करती और ब्रूटस ग्राहकों को हंसाने का काम करता था।

एक रात वे होटल में देर रात तक काम कर रहे थे कि डोरा की आंख लग गई। तभी उसे ब्रूटस की आवाज सुनाई दी। ब्रूटस जादुई कालीन पर उड़ता हुआ उसके पास आ रहा था। साथ में दो परियां भी थीं।

कालीन जब नीचे आ गया, तो ब्रूटस ने डोरा का हाथ पकड़ कर उसे उठाया और कालीन पर बैठा लिया। कालीन फिर तारों भरे आकाश में उड़ने लगा। उनके साथ-साथ दोनों परियां भी उड़ने लगीं।

चंदा मामा और झिलमिल तारों को नजदीक से देखने के कारण उनका मन खुशी से झूमने लगा। एक परी छड़ी से कालीन को घुमा रही थी और दूसरी बाजा बजा रही थी।

परियों ने उनसे कहा, 'तुम दोनों बहुत अच्छे हो। हमेशा दूसरे लोगों की सेवा करते हो। इस बात से खुश हो कर हम तुम्हें वरदान देना चाहते हैं। तुम जो चाहो, वर मांग लो।'

सुन कर डोरा ने कहा, 'मैं यह चाहती हूं कि कोई भी बच्चा अनाथ न हो और उसे छोटी उम्र में काम न करना पड़े।'

परियों ने ब्रूटस से पूछा, तो उसने भी यही कहा, 'मैं चाहता हूं कि हर बच्चे का अपना घर हो।'

परियों ने कहा, 'तुम दोनों बड़े ही नेक हो। तुमने अपने लिए कुछ नहीं मांगा। जाओ सुखी रहो।'

वरदान दे कर परियां चली गईं। तभी होटल के मालिक ने उन्हें जगा कर बताया कि एक दंपति उन्हें गोद लेने के लिए आए हैं। अब वे होटल में नहीं, अपने घर में रहेंगे। यह सुन कर दोनों बहुत प्रसन्न हुए। (उर्वशी)

## चमत्कारी शंख

आरती रानी



किसी समुद्र तट पर एक मछुआरा रहता था जिसका नाम दीनू था। वह दिन भर मछलियों को पकड़ता था तथा शाम को पास के शहर में जाकर बेच देता था। उसी में उसकी गृहस्थी खुशी-खुशी चल रही थी। वह घर में अकेला था। उस पर किसी की जिम्मेदारी न थी।

कभी-कभी उसे अकेलापन परेशान करता परन्तु पास-पड़ोस के बच्चों के बीच रहकर वह अपना सारा दुःख भूल जाता। रोज शाम को शहर से वह तरह-तरह की चीजों को लाता और बच्चों में बांट देता था। बच्चे उससे बहुत प्यार करते थे और दीनू भी उन्हीं बच्चों को अपना परिवार मानता था।

दीनू के घर से थोड़ी दूरी पर रामनाथ रहता था। उसकी एक बेटी पूजा थी। वह बहुत चंचल और नटखट थी परन्तु जिद्दी ऐसी थी कि जो मांग लेती, न मिलने पर आसमान को सिर पर उठा लेती थी। अगर वह किसी का कहा मानती थी तो वह दीनू ही था। दीनू भी उससे बहुत स्नेह करता था।

एक रात पूजा सो रही थी। उसने सपने में एक बहुत बड़ा शंख देखा। सुबह उठी तो उसने रट लगा दी-'मुझे सपने वाला शंख चाहिए।' रामनाथ ने पूजा को समझाया। दीनू का नाम सुनते ही पूजा चुप हो गई। वह झट दीनू के घर की ओर भागी। परेशान रामनाथ उसके पीछे-पीछे था।

पूजा दीनू के घर जा पहुंची। दीनू मछली पकड़ने जाने वाला ही था। पूजा को देखते ही उसने अचरज से पूछा-'अरे पूजा! कहां से भागती आ रही हो?' दीनू ने पूजा को दुलार से गोदी में उठा लिया।

'चाचा! मुझे सपने वाला बड़ा-सा शंख चाहिए।' पूजा ने हाथ से बड़ा-सा आकार दिखाया।

'तू उसका क्या करेगी?'-दीनू ने आश्चर्य से पूछा। तभी रामनाथ भी वहां आ पहुंचा। पूजा की जिद के बारे में उसने बताया। सुनकर दीनू हंस पड़ा।

'ठीक है। शाम को शंख लेता आऊंगा।' दीनू ने पूजा को समझाया। वह रोने लगी। बड़ी मुश्किल से उसे समझाकर दीनू ने वापस भेजा।

दीनू मछलियां पकड़ने चल पड़ा। समुद्र तट पर दूसरे मछुआरे भी साथ थे। दुर्भाग्य से उस दिन दीनू के जाल में एक भी मछली नहीं फंसी। दीनू परेशान हो गया। शाम हो गई परन्तु उसका भाग्य न बदला। थक-हार कर वह किनारे लौटा। तभी उसकी आंखें चमक उठीं। सामने रेत पर उसे एक शंख दिखाई दिया। वह बहुत बड़ा और सुन्दर था। उसमें से प्रकाश निकल रहा था।

दीनू खुश होकर शंख की ओर बढ़ ही रहा था कि कहीं से दौड़ता हुआ एक आदमी आया और शंख को उठाकर चलता बना। दीनू के वहां पहुंचने से पहले ही वह गायब हो गया। दीनू खड़ा-खड़ा देखता रहा, फिर उदास मन से घर लौट गया। रामनाथ दीनू के घर पर ही बैठा था। उसने दीनू को देखते ही पूछा-'भाई! शंख लाए?'

'नहीं, आज न तो मछलियां ही मिलीं और न ही शंख।' दीनू उदास मन से बोला।

'पूजा को अब कैसे समझाऊं? सुबह से शंख की रट लगाए बैठी है। बड़ी मुश्किल से सोयी है। न जाने क्यों, उसे बुखार भी हो गया है।' रामनाथ परेशान स्वर में बोला।

'भगवान पर भरोसा रखो। सब ठीक हो जाएगा। कल चाहे जैसे भी होगा, मैं शंख जरूर ले जाऊंगा।' दीनू यह कहते हुए घर के अंदर चला गया। दीनू रात भर सो न सका। उसकी आंखों के सामने बार-बार पूजा का रोता हुआ चेहरा घूम आता था। दीनू ने मन ही मन प्रण किया कि-'कल मैं किसी भी कीमत पर शंख जरूर ले आऊंगा।'

सुबह पौ फटने से पहले ही दीनू समुद्र में उतर गया। मछलियों का ढेर लग गया परन्तु शंख एक भी न मिला। तभी उसने एक व्यापारी को देखा, जो चिल्ला-चिल्ला कर लोगों से कह रहा था,-'मेरे पास एक अद्भुत शंख है। इस सदियों पुराने शंख को जो खरीदेगा, उसके घर में लक्ष्मी आएगी। जो सबसे अधिक कीमत देगा, यह शंख उसी का हो जाएगा।' कहते हुए उसने झोले से एक शंख निकाला। अद्भुत और चमकीला। उस शंख को देखकर दीनू हैरान था क्योंकि वह वही शंख था, जो उसने समुद्र के किनारे देखा था।

दीनू से रहा नहीं गया। उसने जोर से चिल्लाते हुए कहा- 'भाइयो, यह सदियों पुराना शंख नहीं है। इसे इसने कल ही समुद्र के किनारे से उठाया है। इसे मैं उठाने ही जा रहा था कि यह उठाकर भाग गया।' वहां खड़े लोग, जो शंख को खरीदना चाह रहे थे, भला-बुरा कहते हुए चले गए। वहां केवल वह शंख बेचने वाला ही खड़ा रह गया। उस ठग ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीनू को खूब पीटा और उसके पैसे छीनकर भाग खड़े हुए।

दीनू को अपनी चोटों की परवाह नहीं थी। उसे दुःख केवल इस बात का था कि अब वह पूजा के लिए शंख कैसे ले जाएगा क्योंकि उसके सारे पैसों को भी ठग छीनकर ले गये थे। दीनू रातभर दुःख से समुद्र के किनारे ही बैठा रह गया।

सुबह होते ही दीनू भारी मन से घर की ओर चला। चोट लगने के कारण वह चल भी नहीं पा रहा था। रास्ते में ही उसे रामनाथ मिल गया। दीनू उससे कुछ कह पाता, उससे पहले ही रामनाथ बोल पड़ा-'दीनू, तुम रात भर कहां थे? हम तुम्हें ढूंढ रहे थे। रात को ही तुम्हारा भेजा हुआ शंख पूजा को मिल गया। उसकी तबीयत अब पूरी ठीक है। वह उसी शंख के साथ खेल रही है और तुम्हें याद कर रही है। तुम जल्दी चलो।'

दीनू आश्चर्यचकित रह गया, क्योंकि उसने तो किसी की मार्फत शंख नहीं भेजा था। घर पहुंचकर उसने देखा कि पूजा शंख के साथ खेलती हुई बहुत खुश है। यह शंख ठीक वैसा ही था, जिस प्रकार का उस ठग के पास था। दीनू की समझ में नहीं आया कि यह चमत्कार कैसे हो गया?

उसी समय शंख से आवाज आयी-'दीनू! आश्चर्य मत करो। मैं चमत्कारी शंख हूं। इस बच्ची के लिए ही तुम मुझे लाना चाहते थे। बच्ची की खुशी के लिए तुमने पिटाई खाई और अपने सारे पैसों को गंवाया। बच्चों में देवता का निवास होता है। जो बच्चों को हरदम खुश देखना चाहता है, उसकी देवता भी सहायता करते हैं। मैं स्वयं ही यहां आया हूं।' शंख की बात सुनकर सभी आश्चर्यचकित रह गये। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### सीयूईटी-यूजी स्थगित, 13 मई से शुरू होगी परीक्षा

**नयी दिल्ली :** विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक (यूजी) को स्थगित कर दिया गया है और यह अब 13 मई से शुरू होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार रात यह जानकारी दी। पहले यह परीक्षा आठ मई से शुरू होनी थी। देर रात की गई घोषणा में एनटीए ने कहा कि परीक्षा अब 13 मई से आयोजित की जाएगी और शहर की सूचना देने वाली पर्चियां सात मई तक जारी की जाएंगी। हालांकि परीक्षा बृहस्पतिवार को शुरू होने वाली थी, लेकिन एजेंसी ने विषयवार 'डेट शीट' की घोषणा नहीं की थी। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी आयोजित करने का कार्य अभी-अभी पूरा किया है, जो पिछले साल जांच के दायरे में थी और परीक्षा की शुचिता को लेकर सवाल उठे थे। देश में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश द्वार माने जाने वाले सीयूईटी-यूजी में इस साल रिकॉर्ड 13.5 लाख आवेदन आए हैं। पिछले साल से परीक्षा के तरीके में बदलाव करते हुए परीक्षा केवल कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मंगलवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक तनाव तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर लगभग प्रतिदिन होने वाले संघर्ष विराम उल्लंघन के बीच यह गिरफ्तारी की गई। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के कुछ ही देर बाद ही, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के तारखल गांव निवासी वकास को चकन-दा-बाग क्षेत्र के गांव से सैन्य कर्मियों ने हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि वकास अनजाने में नियंत्रण रेखा पार कर गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के समय घुसपैठिये के पास से किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

### नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**ठाणे :** नवी मुंबई के पनवेल क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेजों के देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार, नवी मुंबई पुलिस की मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की एक टीम ने रविवार सुबह पनवेल क्षेत्र के करंजाडे इलाके में एक ठिकाने पर छापा मारा जहां दो महिलाएं समेत छह बांग्लादेशी नागरिक रह रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद पांच लोगों को हिरासत में ले लिया गया। एक अधिकारी ने बताया, आरोपियों में से तीन का वीज़ा समाप्त हो जाने के बाद भी वे भारत में रुके रहे, जबकि दो अन्य बिना किसी वैध यात्रा दस्तावेज या अनुमति के देश में घुसे थे। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपियों ने धोखाधड़ी करके भारतीय पहचान दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी हासिल कर लिए थे।

### मप्र बोर्ड परीक्षा: 76 प्रतिशत छात्र 10वीं और 74 प्रतिशत 12वीं में उत्तीर्ण; छात्राएं रहीं आगे

**भोपाल :** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 76.22 प्रतिशत जबकि 12वीं की परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मंगलवार को दोनों परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। हाईस्कूल या कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रज्ञा जायसवाल ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान-गणित समूह में 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रियल द्विवेदी ने उच्चतर माध्यमिक या कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सीजेआई के पास 55.75 लाख रुपये की एफडी, न्यायमूर्ति गवई के पास बैंक में 19.63 लाख रुपये



**नयी दिल्ली :** भारत के मौजूदा प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना के पास 55.75 लाख रुपये की सावधि जमा, दक्षिण दिल्ली में तीन बेडरूम का डीडीए फ्लैट और कॉमनवेल्थ खेल गांव में 2,446 वर्ग फुट का चार बेडरूम का फ्लैट है। अगले प्रधान न्यायाधीश के लिए नामित न्यायमूर्ति बीआर गवई के पास बैंक में 19.63 लाख रुपये से अधिक की राशि, महाराष्ट्र के अमरावती में अपने दिवंगत पिता से विरासत में मिला एक घर, मुंबई के बांद्रा तथा दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में फ्लैट और अमरावती तथा नागपुर में खेती की जमीन है। पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर न्यायाधीशों की संपत्ति का विवरण अपलोड किया। पूर्ण अदालत द्वारा प्रासंगिक विवरण सार्वजनिक करने का फैसला सुनाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। न्यायालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''भारत के उच्चतम न्यायालय की पूर्ण अदालत ने एक अप्रैल 2025 को निर्णय लिया कि इस न्यायालय के न्यायाधीशों की संपत्ति का विवरण अदालत की वेबसाइट पर अपलोड कर सार्वजनिक किया जाएगा। न्यायाधीशों की संपत्ति का पहले से प्राप्त विवरण अपलोड किया जा रहा है। अन्य न्यायाधीशों की संपत्ति की जानकारी प्राप्त होने पर अपलोड की जाएगी।'' आंकड़ों के अनुसार 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधान न्यायाधीश खन्ना के पास गुरुग्राम के सेक्टर-49 के शीशपाल विहार में 2016 वर्ग फुट वाले चार बेडरूम के फ्लैट में 56 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में एक घर और जमीन में हिस्सेदारी है। यह भी बताया गया कि उनके पास लोक भविष्य निधि में 1.06 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश है, सामान्य भविष्य निधि में 1,77,89,000 रुपये, जीवन बीमा निगम की 'मनी बैक पॉलिसी' में वार्षिक 29,625 रुपये का प्रीमियम और 14,000 रुपये के शेयर हैं। चल संपत्तियों की बात करें तो सीजेआई खन्ना के पास 250 ग्राम सोना, दो किलो चांदी है जो अधिकांश विरासत में और उपहार में मिली है और 2015 मॉडल की 'मारुति स्विफ्ट' कार है।

## अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने के दौरान अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को भारतीय भोजन उपलब्ध कराया जाएगा: इसरो

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह ने कहा, ''शुक्ला जी को 'घर का खाना' मिलेगा और उनके पास नासा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा।''

### गगनयान मिशन के 2027 की पहली तिमाही में पूरा होने की उम्मीद : इसरो प्रमुख नारायणन



भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' का प्रक्षेपण 2027 की पहली तिमाही तक टाल दिया गया है। यह मूल कार्यक्रम से करीब पांच साल बाद होगा और इसके साथ ही भारत ऐसी जटिल परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने के प्रयासों में लगा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन इस साल के अंत में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके बाद 2026 में इसी तरह के दो और मिशन प्रक्षेपित किए जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बस खाई में गिरी, जवान समेत चार यात्रियों की मौत

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार सुबह एक निजी यात्री बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 44 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसे पर शोक जताते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राहत कार्यों की निगरानी के लिए अपने मंत्री और मेंढर के विधायक जावेद अहमद राणा को घटनास्थल पर भेजा। अधिकारियों ने बताया कि यह बस घानी गांव से मेंढर जा रही थी, जब सुबह करीब नौ बजकर 20 मिनट पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और यह खाई में जा गिरा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। मृतकों की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद मजीद, 55 वर्षीय शकीला बेगम, 50 वर्षीय मोहम्मद हनीफ (तीनों घानी गांव निवासी) और 60 वर्षीय नूर हुसैन (कस्बलाड़ी निवासी) के रूप में हुई है। सेना का जवान मजीद असम में तैनात था और छुट्टी पर गांव आया हुआ था। अधिकारी ने बताया कि हुसैन और मजीद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बेगम की उपचार के लिए ले जाए जात समय रास्ते में और हनीफ की इलाज के दौरान राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में मौत हुई। सात घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।

## भारत का पानी अब देश के काम आएगा: प्रधानमंत्री मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए मंगलवार को कहा कि पहले तो भारत के हक का पानी भी देश से बाहर चला जाता था, लेकिन अब यह भारत के लाभ के लिए बहेगा और देश के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। एबीपी नेटवर्क के 'इंडिया ऐट 2047' शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बड़े निर्णय लेने और उद्देश्यों को प्राप्त करने में राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देना एवं देश की क्षमता पर विश्वास करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जब लोग देश को देखते हैं, तो वे गर्व से कह सकते हैं कि ''लोकतंत्र में परिणाम मिल सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर सकल जन सशक्तीकरण (जीईपी) पर आधारित प्रगति की ओर बढ़ रही है। नदियों को आपस में जोड़ने के लिए किए गए कार्यों के बारे में मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि इन दिनों मीडिया में पानी पर गहन चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''इससे पहले, जो पानी भारत के हक का था, वह भी देश से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी देश के हित में बहेगा और देश के काम आएगा।'' उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तहत भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए यह बात कही। नये वक्फ कानून का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इस कानून में सुधार की जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी, लेकिन वोट बैंक को संतुष्ट करने के लिए इस नेक काम को भी बदनाम कर दिया गया। उन्होंने कहा, ''अब संशोधन किए गए हैं जो वास्तविक अर्थों में गरीब मुस्लिम माताओं और बहनों तथा गरीब पसमांदा मुसलमानों की मदद करेंगे।''

## ऑस्ट्रेलिया और भारत के संबंध पहले कभी इतने मजबूत नहीं रहे: एंथनी अल्बनीज



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष एंथनी अल्बनीज को दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने पर मंगलवार को बधाई दी। दोनों देशों के नेताओं ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए नयी ऊर्जा के साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। अल्बनीज ने इसका जवाब देते हुए कहा, ''पहले कभी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच संबंध इतने मजबूत नहीं रहे, जितने अब हैं।'' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं हमारे क्षेत्र के समृद्ध भविष्य के निर्माण के लिए आने वाले वर्षों में आपके साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं।'' आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अपने मित्र एंथनी अल्बनीज से बात की और उन्हें उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। हमने भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने एवं सहयोग के नये क्षेत्रों की तलाश करने के लिए नयी ऊर्जा के साथ मिलकर काम करने पर सहमत जताई।''

## गुजरात में बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की मौत



**अहमदाबाद :** गुजरात के विभिन्न हिस्सों में बीते 24 घंटे के दौरान आंधी, बिजली गिरने और बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, गुजरात के 253 तालुकों में से 168 में सोमवार को असमय बारिश हुई। खेड़ा, गांधीनगर, मेहसाणा और वडोदरा जिलों में 25 से 40 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई। एसईओसी के अनुसार, सोमवार को अहमदाबाद, आनंद, खेड़ा, दाहोद, अरावली और वडोदरा जिलों में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हुई, जबकि रविवार को अहमदाबाद के विरमगाम क्षेत्र में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। तेज़ हवाओं के चलते कई जिलों में पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गए वहीं कुछ घर भी ढह गए। इन घटनाओं में कई लोगों के घायल होने की खबर है। एसईओसी के अनुसार, खेड़ा जिले में चार, वडोदरा में तीन, अहमदाबाद, दाहोद और अरावली में दो-दो तथा आनंद जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। विभिन्न घटनाओं में चार लोगों की मौत पेड़ गिरने से जबकि दो की होर्डिंग गिरने से, दो लोगों की करंट लगने से, तीन की बिजली गिरने से और तीन अन्य की मौत मकान गिरने से हुई है।

## धामी ने स्कूलों में बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन कराने के निर्देश दिए




**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को पाठ्यचर्या में श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन भी कराया जाए। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश यहां शिक्षा मंत्री डॉ धनसिंह रावत की मौजूदगी में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्कूलों में बच्चों को पाठ्यचर्या में श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन भी कराया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए अगले 10 सालों की स्पष्ट योजना बनाने तथा अगले साल दिसंबर तक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का 'रजतोत्सव' कलेंडर बनाने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को बरसात शुरू होने से पहले राज्य के सभी स्कूलों का निरीक्षण करने और स्कूल के रास्तों और पुलों की स्थिति के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी देखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों की मरम्मत तेजी से कराने के निर्देश भी दिए।

## भारत का मानव विकास सूचकांक प्रगति की ओर, 130वें पायदान पर

**नयी दिल्ली :** भारत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा मंगलवार को जारी 2025 की मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) में 193 देशों में वह 130वें स्थान पर है। भारत ने 2022 और 2023 के बीच अपनी एचडीआई रैंकिंग 133 से 130 तक सुधारी है, और इसका एचडीआई मूल्य 2022 में 0.676 से बढ़कर 2023 में 0.685 हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत मध्यम मानव विकास श्रेणी में बना हुआ है, जो उच्च मानव विकास (एचडीआई = 0.700) की सीमा के करीब पहुंच रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि असमानता भारत के एचडीआई को 30.7 प्रतिशत तक कम करती है, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसानों में से एक है। स्वास्थ्य और शिक्षा असमानता में सुधार हुआ है, वहीं आय और लिंग असमानताएं बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला श्रम बल भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में अभी स्थिति कमजोर है, हालांकि महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले संविधान संशोधन जैसे हालिया कदम परिवर्तनकारी बदलाव की उम्मीद पैदा करते हैं।

## सीआरपीएफ ने सबसे पहले पहुंचने वाले पहलगाम यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर से रिपोर्ट तलब की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने 22 अप्रैल को बैसरन पर्यटक स्थल पर हुए आतंकवादी हमलों के दिन त्वरित कार्रवाई दल के कमांडो के साथ सबसे पहले घटनास्थल पहुंचने वाले पहलगाम यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर से विस्तृत ब्योरा मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ के महानिदेशक जी. पी. सिंह ने छत्तीसगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंस की, जिसमें कमांडिंग ऑफिसर राजेश कुमार और 116वीं बटालियन के अन्य अधिकारी, अन्य कंपनी कमांडर तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रैंक के अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महानिदेशक ने कश्मीर जोन के महानिरीक्षक को निर्देश दिया कि वे कमांडिंग ऑफिसर से मिनट-दर-मिनट का विवरण मांगें कि आतंकवादी हमला कैसे हुआ और क्या यूनिट की ओर से कोई चूक हुई थी। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि कमांडिंग ऑफिसर और उनकी त्वरित कार्रवाई टीम ने मौके पर बहुत ही साहस का परिचय दिया और अपराह्न करीब 2.30 बजे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, यूनिट को टट्टूवालों ने जब आतंकवादियों द्वारा हत्या किये जाने की घटना की जानकारी दी तब सुरक्षाकर्मी खड़ी चढ़ाई के बावजूद 40-45 मिनट में बैसरन पहुंच गये थे।

## रेलवे की तरह है भारत में आरक्षण, जो अंदर हैं वे नहीं चाहते कि दूसरे अंदर आएं : शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देश में आरक्षण की तुलना ट्रेन से करते हुए कहा कि जो लोग डिब्बे में चढ़ जाते हैं वे नहीं चाहते कि दूसरे अंदर आएं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का विरोध करने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता मंगेश शंकर सासाने की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के जयंत कुमार बंठिया के नेतृत्व वाले आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और वह भी बिना पता लगाए कि वे राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं या नहीं। न्यायमूर्ति कांत ने शंकरनारायणन से कहा, ''बात यह है कि इस देश में आरक्षण का धंधा ट्रेन की तरह हो गया है। जो (रेलगाड़ी के) डिब्बे में चढ़ गए हैं, वे नहीं चाहते कि कोई और अंदर आए। यही पूरा खेल है। याचिकाकर्ता का भी यही खेल है।'' शंकरनारायणन ने कहा कि कम्पार्टमेंट ''पीछे भी जोड़े जा रहे हैं''। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक पिछड़ापन सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन से अलग है, और ओबीसी को स्वयमेव राजनीतिक रूप से पिछड़ा नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा, ''ओबीसी के भीतर, आरक्षण के उद्देश्य से राजनीतिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को पहचाना जाना चाहिए।'' न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि जब कोई समावेशिता के सिद्धांत का पालन करता है, तो राज्यों को अधिक वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। उन्होंने कहा, ''सामाजिक रूप से, राजनीतिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग होगा। उन्हें लाभ से वंचित क्यों किया जाना चाहिए? इसे एक विशेष परिवार या समूह तक ही सीमित क्यों रखा जाना चाहिए?'' शीर्ष अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी किया और इसी विषय से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ संबद्ध करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा।

## रेलवे जोन स्टेशनों पर भगदड़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए समन्वित योजना अपनाएं: रेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रेलवे स्टेशनों और विभिन्न ट्रेन में भगदड़ जैसी किसी भी स्थिति को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने का निर्देश देते हुए रेलवे ने सभी मंडलों को आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत सूची के आधार पर एक कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा है जिसमें अपेक्षित भीड़ के आकार और रेलवे संचालन पर उनके संभावित प्रभाव का आकलन शामिल है। स्थानीय त्योहारों, मेलों, भर्ती परीक्षाओं और खेल आयोजनों के कारण अक्सर स्टेशनों और ट्रेन में भीड़भाड़ हो जाती है, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए एक समन्वित रणनीति अपनाने की अनिवार्यता है। रेल मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी लिखित पत्र में सभी 17 जोनल प्रमुखों को आगाह करते हुए ये बातें कही गई हैं। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 16 फरवरी, 2025 को भगदड़ के बाद मंत्रालय ने इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। इस भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। नवीनतम कदम के तहत इसने सभी जोन से आग्रह किया है कि वे अपने मंडलों को पहले कदम के रूप में अनिवार्य रूप से ''आगामी घटनाओं की एक विस्तृत सूची तैयार करने के लिए कहें, जिसमें अपेक्षित भीड़ का आकार और रेलवे संचालन पर उनके संभावित प्रभाव का आकलन हो।''

# 'लव जिहाद',धर्मांतरण के मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित, विदेशी नेटवर्क की भी

**भोपाल :** भोपाल के एक निजी कॉलेज में छात्राओं के साथ कथित बलात्कार के मामले सामने आने के बाद मध्यप्रदेश पुलिस ने लक्ष्य बनाकर राज्यभर में युवतियों को 'प्रेम जाल में फंसाने', उनका शारीरिक शोषण करने और फिर 'जबरन धर्मांतरण कराने' से जुड़े मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिलाओं के खिलाफ अपराध) प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल में कॉलेज की छात्राओं से बलात्कार के हालिया मामले और प्रदेश में इस तरह के अन्य मामलों की आशंका के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने एसआईटी का गठन किया है। भोपाल पुलिस ने एक निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ अपनी पहचान छिपाकर बलात्कार करने और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने के आरोप में मुख्य आरोपी फरहान अली सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भोपाल कॉलेज के मामले के बाद राज्य में और भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं। पुलिस के मुताबिक एसआईटी ऐसे सभी मामलों की जांच करेगा और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सरकार के समक्ष आवश्यक उपाय एवं सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। एसआईटी के गठन से संबंधित आदेश में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में ऐसी आपराधिक गतिविधियों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें सामाजिक रूप से असुरक्षित एवं कमजोर वर्ग की बालिकाओं व महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया है। आदेश में कहा गया है, उन्हें प्रेम जाल, धोखे, धमकी या अन्य प्रलोभनों के माध्यम से लक्ष्य बनाकर उनका कथित रूप से मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक शोषण किया गया है और इन घटनाओं में पीड़ितों का कथित रूप से भय, दबाव या धोखे के आधार पर धर्मांतरण कराया गया है। आदेश में कहा गया, ''ऐसी घटनाएं न केवल आपराधिक प्रकृति की है, बल्कि महिलाओं की गरिमा, स्वतंत्रता एवं समाज में शांति व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती प्रस्तुत करती हैं।'' भोपाल (देहात) के पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह को एसआईटी का अध्यक्ष बनाया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय), सहायक पुलिस महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा), सहायक पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं मुख्यालय) और पुलिस अधीक्षक (राज्य साइबर सेल, भोपाल) को इसका सदस्य नियुक्त किया गया है।

### पहलगाम हमले के बाद 'पाकिस्तान का बचाव' करने पर 43 लोग गिरफ्तार : शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 43 हो गयी है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपी को बारपेटा जिले में पकड़ा गया है। उन्होंने कहा, भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने वाले देशद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई पर अपडेट...पाकिस्तान से सहानुभूति रखने के लिए कुल 43 देशद्रोहियों को सलाखों के पीछे डाला गया है। किसी भी देशद्रोही को बख्शा नहीं जाएगा।

## भारत-पाक तनाव: यूएनएससी सदस्यों ने तनाव कम करने का आह्वान किया

**पाकिस्तान से 'कड़े सवाल' पूछे**

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत-पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने बंद कमरे में इस मुद्दे पर चर्चा की, जिसमें राजदूतों ने संयम बरतने और संवाद करने का आह्वान किया तथा पाकिस्तान से ''कड़े सवाल'' पूछे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मई महीने के लिए अध्यक्ष यूनान ने पाकिस्तान के अनुरोध पर सोमवार को बैठक निर्धारित की थी। पाकिस्तान, वर्तमान में 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है बैठक जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई। पहलगाम हमले की घटना के बाद से भारत में आक्रोश फैला हुआ है। सुरक्षा परिषद ने बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके उद्देश्य ''काफी हद तक पूरे हो गए''। संयुक्त राष्ट्र में राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों के विभाग (डीपपीए) एवं शांति अभियान विभाग (डीपीओ) में पश्चिम एशिया, एशिया और प्रशांत मामलों के लिए सहायक महासचिव खालिद मोहम्मद खैरी ने दोनों विभागों की ओर से सुरक्षा परिषद को जानकारी दी। खैरी ट्यूनीशिया से हैं। बैठक से बाहर आकर खैरी ने कहा कि ''संघर्ष का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने'' का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि ''स्थिति काफी अस्थिर है।'' संयुक्त राष्ट्र में यूनान के स्थायी प्रतिनिधि एवं वर्तमान यूएनएससी अध्यक्ष राजदूत इवेंजेलोस सेकेरिस ने इसे ''सार्थक और उपयोगी बैठक'' बताया। रूस के एक राजनयिक ने कहा, ''हमें तनाव कम होने की उम्मीद है।'' सूत्रों ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने अपने अनौपचारिक सत्र में पाकिस्तान से ''कड़े सवाल'' पूछे।

# खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी: विराट कोहली



**बेंगलुरु :** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज़' पॉडकास्ट में कहा, 'एक समय ऐसा आया जबकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात आठ साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने नौ साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात का एहसास ही नहीं था कि मैं ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। अगर कप्तानी में ऐसा नहीं होता तो बल्लेबाजी में ऐसा हो रहा था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था। यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था।' कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान बल्ला नहीं छुआ था। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जबकि वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मुझे अपने जीवन में एक ऐसी जगह की जरूरत थी जहां मैं सहज होकर रह सकूं और अपना क्रिकेट खेल सकूं, बिना किसी आलोचना के, बिना यह देखे कि आप इस सत्र में क्या करने जा रहे हैं और आगे क्या होने वाला है।'

# भारत को आतंकवाद के खात्मे तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भी पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिए: गंभीर



**नयी दिल्ली :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद एशिया कप और आईसीसी स्पर्धाओं सहित किसी भी मंच पर पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों को पूरी तरह से रोकने का मंगलवार को आह्वान किया। 'एबीपी' के एक कार्यक्रम में गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम को सीमा पार आतंकवाद खत्म होने तक चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के साथ नहीं खेलना चाहिए। भारत ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2007 से पाकिस्तान के खिलाफ कोई पूरी श्रृंखला नहीं खेली है। गंभीर ने कहा कि वे केवल बहु-टीम आयोजनों में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं और उसे भी बंद कर देना चाहिए। मौजूदा माहौल में भारत-पाक क्रिकेट के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा, 'मेरा व्यक्तिगत जवाब यह है कि हमें बिल्कुल नहीं खेलना चाहिये। जब तक यह सब (सीमा पार आतंकवाद) बंद नहीं हो जाता, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ भी नहीं होना चाहिए।' दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस भीषण घटना के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए। इसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकमात्र जमीनी सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। गंभीर ने कहा, 'अंततः यह सरकार का निर्णय है कि हम उनके साथ खेलें या नहीं। मैंने पहले भी कहा है कि कोई भी क्रिकेट मैच या बॉलीवुड या कोई भी अन्य कार्यक्रम भारतीय सैनिकों और भारतीय नागरिकों के जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।' भारत के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'मैच होते रहेंगे, फिल्में बनती रहेंगी, गायक प्रस्तुति देते रहेंगे, लेकिन अपने परिवार के किसी प्रियजन को खोने से बड़ा दुख और कुछ नहीं होता।'

## कुछ लोग भारतीय क्रिकेट को अपनी निजी जागीर समझते हैं: गंभीर

**नयी दिल्ली :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कुछ पूर्व स्टार टेस्ट खिलाड़ियों की आलोचना करते हुए उन पर भारतीय क्रिकेट को अपनी 'निजी जागीर' समझने का आरोप लगाया। गंभीर ने नाम तो नहीं लिए लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त संकेत दिए कि उनके गुस्से का निशाना मुंबई के दो पूर्व भारतीय कप्तान थे जो उनके खेलने के दिनों से ही उनकी आलोचना करते रहे हैं। गंभीर ने 'एबीपी न्यूज' के कार्यक्रम में कहा, 'मैं आठ महीने से यह काम कर रहा हूं। अगर नतीजे नहीं आते हैं तो मुझे आलोचना से कोई दिक्कत नहीं है। आलोचना करना लोगों का काम है। कुछ लोग हैं जो 25 साल से कमेंट्री बॉक्स में बैठे हैं और उन्हें लगता है कि भारतीय क्रिकेट उनकी निजी जागीर है।' उन्होंने जोर देकर कहा, 'भारतीय क्रिकेट किसी की निजी संपत्ति नहीं है और यह 140 करोड़ भारतीयों की संपत्ति है।' दिल्ली के इस खिलाड़ी ने कहा, 'इन लोगों ने मेरी कोचिंग, कनकशन (जब सिर में चोट लगने के कारण उन्होंने 2011 का इंग्लैंड दौरा बीच में छोड़ दिया था) से लेकर चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि के वितरण तक पर सवाल उठाए हैं।'

# गुजरात टाइटंस ने बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया



**मुंबई :** गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को डीएलएस के आधार पर तीन विकेट से हरा दिया। बारिश से प्रभावित मुकाबले में गुजरात को 19 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। इससे पहले मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। उनके लिए विल जैक्स ने सर्वाधिक 53 रनों की पारी खेली। सत्र की आठवीं जीत के साथ गुजरात अंक तालिका में 16 अंक और 0.793 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ दिया। वहीं, मुंबई 12 में सात मैचों में जीत और पांच हार के बाद चौथे पायदान पर पहुंच गई। इसी के साथ मुंबई का विजयी रथ रुक गया। सत्र की आठवीं जीत के साथ गुजरात अंक तालिका में 16 अंक और 0.793 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ दिया। वहीं, मुंबई 12 में सात मैचों में जीत और पांच हार के बाद चौथे पायदान पर पहुंच गई। इसी के साथ मुंबई का विजय रथ रुक गया। इससे पहले मुंबई ने लगातार छह मैचों में जीत दर्ज की थी। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में गुजरात ने आखिरी ओवर में शानदार जीत दर्ज की। दरअसल, 18वें ओवर के बाद बारिश ने दस्तक दी और मुकाबला रोक दिया गया। उस वक्त गेराल्ड कोएत्जी और राहुल तेवतिया 5-5 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। गुजरात का स्कोर 132/6 था। अब उन्हें जीत के लिए आखिरी दो ओवरों में 24 रनों की दरकार थी। हालांकि, बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और डीएलएस मैथड के आधार पर उन्हें 19 ओवर में 147 रन का नया लक्ष्य मिला।

# कोलकाता और चेन्नई के मैच में धोनी के रंग में रंग सकता है ईडन गार्डन्स

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है जो संभवत: इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है। कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनकी ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है, जिसमें शामबाजार क्लब के लिए यादगार पी सेन ट्रॉफी फाइनल भी शामिल है। धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है लेकिन उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो



रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी।

## तीरंदाजी विश्व कप: कंपाउंड क्वालीफिकेशन में भारत का दबदबा, पुरुष और महिला टीम रैंकिंग में शीर्ष पर

**शंघाई :** भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कंपाउंड वर्ग के क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए दबदबा कायम किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा (714 अंक) और ऋषभ यादव (713) व्यक्तिगत पुरुष रैंकिंग दौर में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ओजस देवताले (707) भी शीर्ष 10 में रहे, जिससे भारत 2134 अंक के साथ पुरुष टीम तालिका में पहले स्थान पर रहा। भारत ने दक्षिण कोरिया (2132) को पछाड़कर क्वार्टर फाइनल में सीधे स्थान हासिल किया। तीन साल बाद वापसी कर रही मधुरा धामनगावकर ने महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 708 अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 683 अंकों में सुधार करते हुए क्वालीफिकेशन में तीसरा स्थान हासिल किया। कई विश्व कप की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 705 अंक हासिल किए और छठे स्थान पर रहीं जबकि विश्व कप में पदार्पण कर रही चिकिथा तानिपर्थी (701) 11वें स्थान पर रहीं। इन तीनों के संयुक्त प्रयास ने सुनिश्चित किया कि भारतीय महिला टीम भी क्वालीफिकेशन तालिका में मैक्सिको (2109) और दक्षिण कोरिया (2107) से आगे रहकर शीर्ष पर रही।

## फिर अभ्यास के लिए नहीं उतरे धोनी पर गेंदबाजी कोच ने कहा, वह ठीक हैं और खेलेंगे

**कोलकाता :** दर्शकों के चहेते महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार दूसरे दिन अभ्यास नहीं किया जिससे मंगलवार को ईडन गार्डन्स में उमड़े प्रशंसकों को फिर निराशा का सामना करना पड़ा। हालांकि उनके प्रशंसकों को चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमन्स की इस पुष्टि से राहत मिली कि बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में वह खेलेंगे जो मेजबान टीम के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। सिमन्स ने कहा कि 43 वर्षीय धोनी 'ठीक' हैं और 'खेलेंगे' जो इस प्रतिष्ठित मैदान पर उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच हो सकता है। कोच ने कहा, 'हां, उनके कल खेलने की उम्मीद है। एमएस के मामले में, वह अपनी स्थिति को बहुत अच्छी तरह से जानता है। वह जानता है कि वह कहां है। अपनी तैयारियों के मामले में, वह हमेशा किसी टूर्नामेंट की शुरुआत में बहुत मेहनत करता है।' सिमन्स ने कहा, 'तो कोई समस्या नहीं है, वह जानता है कि वह कब तैयार है और कब नहीं।' कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद धोनी कप्तानी की जिम्मेदारी पर लौट आए और सिमन्स ने कहा कि बदलाव सहज रहा है। सिमन्स ने कहा, 'आप एमएस धोनी को क्रिकेटर के रूप में देखते हैं, हम हमेशा एमएस धोनी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं जो एक असाधारण व्यक्ति है। टीम पर उनका प्रभाव, रुतु को निखारने की उनकी क्षमता, युवा क्रिकेटरों को निखारने की उनकी क्षमता, यही उनकी खासियत है।'



## भारत, ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता के मुख्य बिंदु

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और दोहरा योगदान समझौते के पूरे होने की घोषणा मंगलवार को हुई। इन समझौतों के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं...

- ब्रिटिश बाजार में शून्य शुल्क लागू होने से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को लाभ होगा।
- भारतीय आयात शुल्क में कटौती की जाएगी, जिससे 90 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क प्रावधान घटेंगे, इनमें से 85 प्रतिशत उत्पादन एक दशक के भीतर पूरी तरह से शुल्क-मुक्त हो जाएंगे।
- शराब की किस्मों- व्हिस्की और जिन पर शुल्क 150 प्रतिशत से घटकर 75 प्रतिशत हो जाएगा और 10 वर्षों के बाद इसे घटाकर 40 प्रतिशत किया जाएगा।
- मोटर वाहन पर शुल्क एक कोटा व्यवस्था के तहत 100 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा।
- भारत में कम आयात शुल्क वाली अन्य वस्तुओं में सौंदर्य प्रसाधन, वैमानिकी, भेड़ का मांस, चिकित्सा उपकरण, सामन मछली, बिजली मशीनरी, शीतल पेय, चॉकलेट और बिस्कुट शामिल हैं।
- ब्रिटेन के शुल्क में ढील देने से ब्रिटिश दुकानदारों को कपड़े, जूते और फ्रोजेन झींगे जैसे खाद्य उत्पादों पर सस्ती कीमतें देखने को मिल सकती हैं।
- इस सौदे से लंबी अवधि में भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय व्यापार में प्रति वर्ष 25.5 अरब पाउंड, ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.8 अरब पाउंड और पारिश्रमिक में 2.2 अरब पाउंड की वृद्धि होने की उम्मीद है।
- भारत के व्हिस्की, चिकित्सा उपकरण, उन्नत मशीनरी जैसे कई उत्पादों पर शुल्क कम करने पर सहमत होने से व्यापार में बाधाएं समाप्त होंगी, जिससे ब्रिटेन का निर्यात अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएगा।
- कपड़ा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खेल के सामान एवं खिलौने, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, वाहन कलपुर्जा एवं इंजन और कार्बनिक रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए निर्यात के अवसर खुलेंगे।
- सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, अन्य व्यावसायिक सेवाओं और शैक्षणिक सेवाओं में व्यापार को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।
- ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलने से बड़ी राहत मिलेगी।
- द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2030 तक 60 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना होने का अनुमान है।
- भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क हटाए जाने से लाभ होगा, जो व्यापार मूल्य का लगभग 100 प्रतिशत कवर करेगा।
- भारत को आईटी/आईटीईएस, वित्तीय, व्यावसायिक और शैक्षणिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन की एफटीए प्रतिबद्धता से लाभ होगा।
- अनुबंध पर सेवाएं देने वालों, व्यावसायिक आगंतुक, निवेशक, एक ही कंपनी के भीतर स्थानांतरित व्यक्ति, काम करने के अधिकार वाले स्थानांतरित व्यक्तियों के साझेदार एवं आश्रित बच्चे, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइए जैसे स्वतंत्र पेशेवरों के लिए आवागमन में सहूलियत होगी।
- भारत ने वास्तुकला, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर से संबंधित और दूरसंचार सेवाओं जैसी डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं पर महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं।
- ब्रिटेन में अस्थायी रूप से रहने वाले भारतीय कामगारों और उनके नियोक्ताओं को दोहरा योगदान समझौते के तहत तीन साल की अवधि के लिए ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा अंशदान का भुगतान करने से छूट मिलेगी। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ होगा और ब्रिटेन में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।
- भारत यह सुनिश्चित करता है कि वस्तुओं और सेवाओं के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का उचित ध्यान रखा जाए और वे इसके निर्यात पर अनुचित प्रतिबंध न लगाएं।

# बाजार की मांग के अनुरूप एमएसएमई इकाइयों को खुद को ढालना होगा : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश की सूक्ष्म, लघु और मझोली (एमएसएमई) इकाइयों को बदलते बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को निरंतर ढालना (अद्यतन) होगा। मंगलवार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा एमएसएमई केंद्र है, इसलिए इस क्षेत्र से जुड़े युवाओं की क्षमता संवर्धन के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 'सीएम-युवा' योजना के अंतर्गत नए उद्यमियों को ऋण देने से पूर्व उन्हें विधिवत और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण अवश्य प्रदान किया जाए। योगी ने इस क्षेत्र के समग्र विकास, उद्यमिता के विस्तार, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई इकाइयां स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ बड़े उद्योगों के लिए एंकर यूनिट के रूप में भी कार्य कर रही हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां सक्रिय हैं, जो राज्य के कुल निर्यात में करीब 46 प्रतिशत का योगदान कर रही हैं और 1.65 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल', 'लोकल टू ग्लोबल' और 'ब्रांड यूपी' के मंत्र को साकार करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त बनाए जाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पारंपरिक शिल्पकला, कृषि आधारित उत्पादन और नवाचार पर आधारित उद्यमशीलता को अब वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का उपयुक्त समय है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य की योजनाएं युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और ग्रामीण समाज के आर्थिक सशक्तीकरण को केंद्र में रखकर बनाई जाएं और इनकी सतत निगरानी भी सुनिश्चित हो। स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (सीएम युवा) के अंतर्गत 3.21 लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जबकि 56 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक लाख वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से ऋण वितरण हो। इसके लिए बैंकिंग संस्थानों से समन्वय सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ऋण देने से पूर्व चयनित युवाओं को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है।

## सीमा पर तनाव बढ़ने से निवेशकों ने अपनाया सतर्क रुख, सेंसेक्स 156 अंक गिरा

**मुंबई :** बैंकिंग एवं पेट्रोलियम शेयरों में मुनाफावसूली आने और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने के कारण मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 156 अंक फिसल गया, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दो दिन की बढ़त को रोकते हुए 155.77 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 80,641.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 315.81 अंक गिरकर 80,481.03 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 81.55 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,379.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के निर्णय से पहले और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता पर चिंताओं से कारोबारी गतिविधियां सीमित दायरे में रहीं। केंद्रीय गृह



मंत्रालय ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। परमाणु संयंत्रों, सैन्य ठिकानों, रिफाइनरियों और पन बिजली बांध जैसे संवेदनशील प्रतिष्ठानों वाले करीब 300 'नागरिक सुरक्षा जिलों' में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन, 'शत्रुतापूर्ण हमले' के लिए नागरिक प्रशिक्षण और बंकरों और खाइयों की सफाई पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

## भारत में 2032 तक 12.3 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन होंगे

नयी दिल्ली : भारत में 2032 तक सबसे अच्छी स्थिति में भी 12.3 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सड़कों पर होंगे। मंगलवार को जारी इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) की रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यावरण अनुकूल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने की आवश्यकता है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और 2030 के लिए निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्य- 30 प्रतिशत ईवी को समर्थन किया जा सकेगा। इस तीव्र वृद्धि को सहायक सरकारी नीतियों, जैसे कि फेम-2 योजना द्वारा बढ़ावा मिला है, जो सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए पूंजी सब्सिडी के साथ-साथ इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह राष्ट्रीय ईवी लक्ष्य (एनईवी) परिदृश्य के अनुरूप है, जो पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनईवी परिदृश्य 'ईवी30एट30' महत्वाकांक्षा पर आधारित है, जिसमें यह माना गया है कि 2030 तक, इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए ईवी की पहुंच 80 प्रतिशत, निजी इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक कारों के लिए 70 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक बसों के लिए 40 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह परिवहन विद्युतीकरण के लिए नीति आयोग के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। 'भारत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर मार्केट ओवरव्यू' शीर्षक वाली रिपोर्ट में देश के बुनियादी ढांचे और ऊर्जा परिदृश्य पर इस बदलाव के संभावित प्रभाव को रेखांकित किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### एप्पल आने वाले वर्षों में अपने सभी मोबाइल फोन भारत में बनाएगा और यहीं से खरीदेगा: सिंधिया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश करना हर मूल उपकरण विनिर्माता के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। उन्होंने इस संबंध में अमेरिकी स्मार्ट उपकरण कंपनी एप्पल के उस फैसले का उदाहरण दिया जिसमें उसने अमेरिका में बिकने वाले अधिकतर आईफोन को भारत में बनाने तथा यहां से खरीदने का निर्णय लिया है। 'भारत टेलीकॉम' कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश केवल सद्भावना का कार्य नहीं है, बल्कि यह हर एक ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। सिंधिया ने कहा, 'एप्पल ने आने वाले वर्षों में अपने सभी मोबाइल फोन भारत में ही बनाने तथा यहीं से खरीदने का निर्णय लिया है। जब आप भारत में निवेश करते हैं, तो आप सामर्थ्य, विश्वसनीयता और मौलिकता का चयन करते हैं।' एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हाल ही में कहा था कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा।

### सोना 2,400 रुपये उछलकर 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में भी तेजी

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,400 रुपये बढ़कर 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 2,400 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में तेजी आने से सोने की कीमतों में तेजी आई है।' उन्होंने कहा, 'प्रस्तावित उपायों में औषधि आयात पर शुल्क और अमेरिका के बाहर बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की बात कही गई है। इसने नए सिरे से व्यापार तनाव और वैश्विक वृद्धि पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।' सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमतें भी 1,800 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

### चीन ने भारत से आयातित साइपरमेथ्रिन कीटनाशक पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया

**बीजिंग :** चीन ने मंगलवार को भारत से आयातित साइपरमेथ्रिन पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया। ये उपाय बुधवार से प्रभावी होंगे। साइपरमेथ्रिन का उपयोग मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में कपास, फलों के पेड़, सब्जियों जैसी फसलों में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशक बनाने के लिए किया जाता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय (एमओएफसीओएम) ने कहा कि बुधवार से भारत से आयातित साइपरमेथ्रिन पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया जाएगा। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि डंपिंगरोधी उपाय तब किया गया जब जांच अधिकारियों ने निर्धारित किया कि भारत से साइपरमेथ्रिन के आयात में डंपिंग शामिल है और इससे घरेलू उद्योग को भौतिक नुकसान हुआ है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4228 अंक 038, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in